# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 16 ■ अंक - 241 ■ अम्बिकापुर, बुधवार 17 सितम्बर 2025 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com







# आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में उत्तर प्रदेश के दो आरोपी गिरफ्तार

## मामला फांसी लगाकर खुदकुशी करने का, मजदूरी की राशि भी डकार गए थे आरोपी

**छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर।** जिले के थाना सनावल अंतर्गत फांसी लगाकर खुदकुशी करने के मामले में पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज करके उत्तर प्रदेश के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी उसे मजदूरी करने के लिए ले गए थे, इसके बाद मजदूरी की राशि मांगने पर उसे खाली हाथ वापस भेज दिया था।



पुलिस से मिली थाना सनावल पुलिस ने फांसी लगाकर खुदकुशी करने के मामले में दर्ज मर्ग जांच में पाया कि मृतक जय गोविंद मानिकपुरी को ग्राम सुंदरी का ठेकेदार रामचंद्र मानिकपुरी 2 वर्ष से मजदूरी करने ग्राम महोवा झांसी उत्तर प्रदेश ले गया था और राजमिस्त्री का काम करा रहा था। मृतक का मजदूरी का पैसा रामचंद्र मानिकपुरी के पास एक लाख रुपये हो रहा था। मजदूरी का पैसा मांगने पर रामचंद्र किसी प्रकार का पैसा बकाया नहीं होने की बात कहकर उसे डांटकर भगा दिया था। 30 जुलाई 2025 को मृतक जय गोविंद मानिकपुरी अपने भाई विनय मानिकपुरी के घर ग्राम नकवा से उसके मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स नंबर यूपी 64 एके 6234 को लेकर घर आ रहा था। ग्राम कोंगा के पास रामचंद्र के मजदूर असरफी ने मृतक को रोका और बोले कि तुम्हारा रिश्तेदार रामचंद्र हम लोगों के मजदूरी का पैसा नहीं दिया है, हमको मजदूरी का पैसा दिलवा दो, तब तुमको जाने देंगे। इसके बाद मृतक असरफी के मोबाइल में रामचंद्र मानिकपुरी के पास फोन करके असरफी लोगों का मजदूरी का पैसा देने के लिए कहा। इतने में रामचंद्र मानिकपुरी, असरफी व अन्य को बोला कि तुम लोगों का मजदूरी का पैसा जय गोविंद मानिकपुरी देगा कि नहीं देगा, तुम लोग उसके मोटरसाइकिल को अपने पास रख लो। इतना कहने के बाद वे मृतक के मोटरसाइकिल को छीन कर अपने पास रख लिए, और मृतक पैदल अपने घर चला गया। मृतक रामचंद्र के पिता रामशरण के पास जाकर बोला कि आप अपने पुत्र रामचंद्र के पास फोन लगाकर ग्राम कोंगा के मजदूर का पैसा देने के लिए बोल दो, इस पर वह भी झगड़ा विवाद करने लगा। 31.07.2025 को 10-11 बजे दिन में रामशरण मानिकपुरी मृतक के घर जाकर उसे धमकी दिया कि आज तुम अपना जितना सेवा करना होगा करा लो, आज तुझे मरवा कर फेंकवा दूंगा। धमकी देकर वह अपने घर चला गया था, इससे मृतक काफी डरा सहमा था। इधर मृतक से छीनी गई मोटरसाइकिल को मांगने पर रामचंद्र मानिकपुरी, रामशरण मानिकपुरी, असरफी के द्वारा शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था, जिससे तंग आकर जय गोविंद मानिकपुरी 31.7.2025 को रात 8 बजे से 1.8.2025 के 11 बजे दिन के बीच अपने घर अंदर फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया।

### इन आरोपियों को गिरफ्तार की पुलिस

सनावल थाना पुलिस ने मामले की गहन विवेचना के बाद आरोपियों के विरूद्ध धारा 108, 309(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता का अपराध पंजीबद्ध किया और घटनास्थल निरीक्षण एवं प्रार्थी व गवाहों का कथन लेकर प्रकरण के आरोपियों रामचंद्र मानिकपुरी पिता रामशरण मानिकपुरी 32 वर्ष, रामशरण मानिकपुरी पिता स्व. रामदेव 65 वर्ष निवासी सुंदरी चौकी अमवार थाना दुद्धी, जिला सोनभद्र उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक गजपति मर्रे, सहायक उप निरीक्षक गोटिया राम मरावी, आरक्षक अमृत सोनवानी व प्रविन्द्र कुजूर सक्रिय रहे।

# डीएसपी पर दुष्कर्म का लगा आरोप, डीएसपी ने कहा-ब्लैकमेलिंग कर रही थी महिला

## पुलिस ने शून्य में मामला कायम करके अग्रिम कार्रवाई के लिए केस डायरी रायपुर भेजा

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा संभाग के बलरामपुर जिले में पदस्थ डीएसपी पर एक महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है, और इसकी शिकायत पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज से की है। पुलिस अफसर ने भी महिला पर रुपये लेने के बाद मकान के लिए ब्लैकमेलिंग करने का आरोप लगाया है। दोनों के आरोपों में कितना दम है, यह तो पुलिस की जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। डीएसपी याकूब मेमन (50) मूल रूप से भिलाई के रहने वाले हैं। वे 1998 में एसआई और प्रमोट होकर टीआई, पुनः डीएसपी बने। विगत 2 साल से वे बलरामपुर में पदस्थ हैं।



दोनों पक्षों के आरोपों पर गौर करें तो पीड़िता का कहना है कि वह रायपुर के टिकरापारा में डीएसपी याकूब मेनन के मकान में किराए से रहती थी, इस दौरान दुष्कर्म की घटना को उन्होंने अंजाम दिया है। पुलिस अधिकारी याकूब मेमन के बलरामपुर जिले में पदस्थ रहने के दौरान भी वह उनके पास आना-जाना करती थी। वह मामले की शिकायत रायपुर पुलिस से की, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं किया गया। इसके बाद वह बलरामपुर पहुंची, यहां भी शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। इसके बाद पीड़िता सरगुजा रेंज के आईजी दीपक कुमार झा के पास अपनी पीड़ा सुनाने के लिए पहुंची थी। इधर डीएसपी याकूब मेमन का कहना है कि महिला रायपुर स्थित उनके किराए के मकान में अपने पति और बच्चों के साथ डेढ़ साल से रह रही है। करीब 9 माह पहले वह अपने पति का तबीयत खराब होने की बात कहकर फोन पर मदद मांगी, इसके बाद उन्होंने आर्थिक सहायता की थी। इसके बाद महिला उनसे भावनात्मक लगाव बनाना शुरू की, और बातचीत करने लगी। वह बलरामपुर आकर दो-तीन दिन तक उनके मकान में रुकी थी और संबंध बनाने की पहल की। पुलिस अधिकारी का कहना है कि महिला ने जान-बूझकर ऐसे पलों का वीडियो बनाने के लिए कहा, और वीडियो कॉल करने के दौरान उनका अर्धनग्न स्क्रीनशॉट लेकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। याकूब मेमन का आरोप है कि महिला उनसे ऑनलाइन व नकद मिलाकर डेढ़ लाख रुपये ले चुकी है। इसके बाद रायपुर में स्थित मकान को अपने नाम करवाने के लिए दबाव बना रही थी। इन्कार करने पर महिला ने उनकी पत्नी को वीडियो भेजने और फर्जी एफआईआर दर्ज कराने की चेतावनी दी थी। डीएसपी ने 12 सितंबर को आईजी से तत्संबंध में लिखित शिकायत की है। इधर महिला की जुबानी पर महिला थाना अंबिकापुर की पुलिस ने जीरो में मामला दर्ज किया है और केस डायरी रायपुर भेज दिया है।

> रायपुर की रहने वाली महिला ने रेप की शिकायत की थी। सरगुजा के महिला थाने में शून्य पर अपराध दर्ज किया गया है और केस डायरी रायपुर भेज दी गई है। आगे जांच रायपुर पुलिस करेगी।
>
> **दीपक कुमार झा,**
> **आईजी सरगुजा रेंज**

## जन्मदिन में शामिल होने गए युवक से ढाबा में मारपीट

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** ढाबा में जन्मदिन मनाने के लिए आए युवक के कार के बोनट में मारने से मना करना युवक को नागवार गुजरा और साथी युवक पर रॉडनुमा वस्तु से हमला कर दिया। घटना की रिपोर्ट मणिपुर थाना में दर्ज कराई गई है, जिस पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।
जानकारी के मुताबिक जितेन्द्र कुजूर पिता स्व. दिलवेन्द्र कुजूर 30 वर्ष, निवासी ग्राम सोहगा खर्रापारा, थाना दरिमा 12 सितम्बर को शान्तनु नामक युवक के बुलाने पर जन्मदिन पार्टी मनाने के लिए भीमसेन टोप्पो, भुनेश्वर के साथ गुगली ढाबा में आया था। यहां शान्तनु, रोमन उर्फ मोनु साहू, मोनू कुजूर सहित अन्य लोग थे। सभी लोग बर्थडे मनाए और खाना खाए। देर रात करीब 12 बजे मोनू साहू उर्फ रोमन किसी से मोबाइल में गाली-गलौज करने लगा और जितेन्द्र के कार के बोनट में हाथ से जोर से मारा। जब वह कार के बोनट में मारने से मना किया तो गाली-गलौज करने लगा और जातिगत गाली देते हुए आक्रोशित हो गया, और बाल पकड़कर सिर को अपने घुटने से मारा, इसके बाद रॉड जैसे किसी वस्तु से हमला कर दिया। इस दौरान भीम सेन टोप्पो, भुनेश्वर व गुगली ढाबा का मालिक अंकुश बीच-बचाव किए।

# लालमाटी और सिंहद्वार पर चट्टानों में पड़ी खतरनाक दरारें, ब्लास्टिंग से पूरे पहाड़ में होती है कंपन

## जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं का दल पहुंचा रामगढ़ पर्वत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का दल मंगलवार को रामगढ़ पर्वत पर आसन्न खतरे की जांच के लिए पहुंचा। इस दल में 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन के पूर्व उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद, पीसीसी महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अंबिकापुर शहर अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अंबिकापुर ग्रामीण के अध्यक्ष विनय शर्मा, विनीत विशाल जायसवाल शामिल थे। जांच दल ने रामगढ़ पहाड़ में पड़ी दरारों के विषय में जानकारी के लिए पर्वत पर मौजूद मंदिर के बैगा चंदन सिंह और स्थानीय निवासियों से जानकारी प्राप्त की है। इनसे जानकारी मिली कि खदान में ब्लास्टिंग के कारण पूरा पहाड़ खतरनाक रूप से कंपन करता है। ब्लास्टिंग के कारण पहाड़ की चट्टानों में चारों ओर दरार पैदा हो गई है। मंदिर जाने के रास्ते में सीढ़ियों पर लाल माटी और सिंहद्वार पर चट्टानों में पड़ी दरारें बेहद खतरनाक स्थिति में है। स्थानीय निवासियों ने जानकारी दी कि ब्लास्टिंग के कारण विगत वर्षों में सीढ़ियों की ये दरारें निरंतर चौड़ी होते जा रही हैं। अगर भविष्य में यहां ब्लास्टिंग जारी रहा तो मंदिर तक पहुंचने वाली सीढ़ियों के चट्टानों में लैंडस्लाइड होने की पूरी संभावना है। ऐसी स्थिति में रामगढ़ पर्वत पर स्थित पवित्र राम मंदिर जो सरगुजा जिले में धार्मिक आस्था का केंद्र है, तक पहुंचना नामुमकिन हो जाएगा। जांच दल इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि इस क्षेत्र में मौजूदा खदानों की गतिविधियों और नई खदान के खुलने से रामगढ़ पर्वत का अस्तित्व समाप्त होना तय है। स्थानीय निवासियों के साथ ही जांच दल ने रामगढ़ संरक्षण एवं संवर्धन समिति के सदस्य राजनाथ सिंह, अमृत यादव, नंदा राम, मधु पंडो से भी मुलाकात की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक प्रेसवार्ता के माध्यम से बुधवार, 17 सितंबर को जांच के निष्कर्षों को साझा करेंगे। जांच दल के साथ जनपद पंचायत उदयपुर के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, सत्येन्द्र सिंह, अमित सिंहदेव, अनिल सिंह, अनूप मेहता, गुरुप्रीत सिद्धू, विकल झा, सतीश बारी, विकास शर्मा, वीरेंद्र सिंह, सतीश यादव, रोहित टेकाम, त्रिलोचन सिंह, देवलाल यादव, सूरज यादव, राम सिंह, सोमू, शुभम पांडेय, हर्षवर्धन सिंह, भूपेंद्र गुंजन, नंदलाल, अयांश, ओंकारेश्वर मौजूद थे।



## तेरापंथ युवक परिषद द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर आज

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशन में विश्व का सबसे बड़ा रक्तदान अभियान का आयोजन रक्तदान करें-जीवन बचाएं, खून का हर बूंद कीमती है, जैसे प्रेरक संदेशों के साथ 17 सितम्बर, बुधवार को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया है। आयोजक तेरापंथ युवक परिषद अंबिकापुर ने स्थानीय स्तर पर रक्तदान कैंप के लिए जैन मंदिर चोपड़ापारा में चैपाटी के पास, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध जिला अस्पताल व सरस्वती महाविद्यालय सुभाषनगर में व्यवस्था सुनिश्चित की है। रक्तदाता अपने नजदीकी कैंप में जाकर स्वयं रक्तदान कर सकते हैं और अपने मित्रों, रिश्तेदारों, परिचितों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, तेरापंथ महिला मंडल व अणुव्रत समिति ने 'आइए साथ दें, किसी की जिंदगी में उम्मीद बनें' आव्हान के साथ रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक लोगों से सहभागी बनने का आग्रह किया है।

# मामूली बात पर हत्याकांड को अंजाम देने वाला जेल दाखिल



**छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर।** हत्या के मामले में जिले के चौकी गणेश मोड़ पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक बलरामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम महराजगंज निवासी नारायण सिंह पिता स्व. बुद्ध सिंह 56 वर्ष ने गणेश मोड़ चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 15 सितम्बर को करीब 7.30 बजे उसका बेटा उपेन्द्र सिंह गांव के नरेंद्र सिंह के साथ गांव के अमर सिंह के घर करमा देखने के लिए गया था। करमा देखकर वापस आते समय रामस्वरूप सिंह के घर के पास जयप्रकाश मिला, जिससे खड़ा होकर आपस में बातचीत करने लगा। इसी दौरान रात्रि लगभग 9 बजे गांव का रामस्वरूप आया और हल्ला करने की बात कहते हुए इन्हें जाने के लिए कहा, इस दौरान उपेंद्र सिंह से विवाद की स्थिति बन गई। रामस्वरूप बोला कि हम लोग हल्ला नहीं कर रहे हैं, इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ा, और रामस्वरूप सिंह अपने घर से लोहे का पाइप लाकर उपेंद्र सिंह के सिर में मार दिया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल बलरामपुर ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यू हो गई। रिपोर्ट पर थाना बलरामपुर में धारा 103 (1) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था और आरोपी रामस्वरूप पिता सुदेश्वर सिंह 35 वर्ष निवासी महाराजगंज को गिरफ्तार करके न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

# 40 लीटर महुआ शराब के साथ विक्रेता गिरफ्तार



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मणिपुर थाना पुलिस ने अवैध महुआ शराब बिक्री के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करके 40 लीटर महुआ शराब जप्त किया है, इसकी कीमत 8 हजार रुपये बताई जा रही है।
जानकारी के मुताबिक 16 सितम्बर को पेट्रोलिंग पर रवाना हुई पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि भिट्टीकला निवासी कृष्णा राजवाड़े अपने कब्जे घर में काफी मात्रा में अवैध महुआ शराब बिक्री करने के लिए रखा है। सूचना पर पुलिस टीम संदेही के निवास स्थान पर पहुंची तो कृष्णा राजवाड़े पिता गिरधारी राजवाड़े 36 वर्ष निवासी भिट्टीकला मिला। आरोपी के घर में परछी की तलाशी लेने पर 20-20 लीटर के जरीकेन के रखा 40 लीटर हाथ भट्टी, महुआ शराब मिला। आरोपी के विरूद्ध पुलिस ने धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है और आरोपी को गिरफ्तार करके न्यायिक रिमांड में भेज दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी मणीपुर निरीक्षक अश्वनी सिंह, सहायक उप निरीक्षक अनिल पाण्डेय, आरक्षक पवन यादव, अरविन्द सिंह, अनिल सिंह, सैनिक दिनेश यादव सक्रिय रहे।

# फाइनेंस कंपनी के बिजनेस एग्जक्यूटिव पर 3.50 लाख रुपये गबन करने का आरोप

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** श्रीराम फायनेंस लिमिटेड शाखा के प्रबंधक ने अंबिकापुर शाखा में पदस्थ जूनियर बिजनेस एग्जीक्यूटिव्ह के द्वारा ग्राहकों के फायनेंस के किस्त की राशि 3 लाख 50 हजार रुपये गबन करने और फर्जी रसीद जारी करने का आरोप लगाया है। इसकी लिखित शिकायत कोतवाली थाना में की गई है, जिस पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है। श्रीराम फायनेंस लिमिटेड के स्थानीय शाखा प्रबंधक ने पुलिस को जानकारी दी है कि उनके द्वारा टू-व्हीलर वाहन के फायनेंस का वित्तीय कारोबार किया जाता है। 30.01.2024 को अंबिकापुर निवासी अमित श्रीवास्तव को फायनेंस कंपनी में जूनियर बिजनेस एग्जीक्यूटिव्ह के पद पर नियुक्त किया गया था, जो उनके अधीन काम करता था। अमित श्रीवास्तव का काम फायनेंस कंपनी द्वारा ग्राहकों को दिए गए ऋण की राशि के किस्तों को संग्रहित करके कार्यालय में ग्राहकों के लोन एकाउंट में जमा करना था। वित्तीय वर्ष 2024-2025 की समाप्ति की स्थिति में फायनेंस कार्यालय द्वारा ऋणी ग्राहकों से उनके ऋण खाता में किस्तों की अदायगी में हुए चूक के संबंध में संपर्क करके ऋण खाते को नियमित करने कहा गया और फायनेंस की गई वाहनों की अद्यतन स्थिति के बारे में जानकारी ली गई तो ऋणी ग्राहक जितेन्द्र, प्रितम पैंकरा, अरविन्द कुमार, बसंती राजवाडे, गनेशिया बाई ने बताया कि अमित श्रीवास्तव ने उनके वाहनों को किस्त का भुगतान समय पर नहीं करने के आधार पर जप्त किया, बाद में किस्त की राशि लेकर वाहन को छोड़ा है। अमित के द्वारा किस्त की राशि फोन पे से अपने नाम के बैंक खाता में प्राप्त करने और पावती मांगे जाने पर फायनेंस कंपनी के प्रिंटेड फार्म में किस्त की राशि को हस्तलेख में भरकर देना पाया गया। शिकायत की जांच कार्यालयीन अभिलेख से करने पर जप्त गाड़ी कंपनी के अधिकृत यार्ड में जमा नहीं होना और न ही किस्त की राशि कंपनी के ऋण खाते में अमित श्रीवास्तव द्वारा जमा करना सामने आया। जबकि फायनेंस कंपनी की ओर ऋण राशि जमा होने की पावती ऑनलाइन कम्प्यूटराइज दी जाती है। जांच में प्रारंभिक तौर पर 1 लाख 29 हजार 860 रुपये का गबन करने पर जब उन्होंने अमित श्रीवास्तव से पूछताछ किया तो वह गोल-मोल जवाब देने लगा। इसके बाद 07.05.2025 को विभागीय मेल द्वारा कारण बताओ नोटिस देते हुए उसे निलंबित कर दिया गया था, इस पर उसकी ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया, जिस पर 03.06.2025 को अमित को कंपनी ने सेवा से पृथक कर दिया। फायनेंस कम्पनी के आंतरिक ऑडिटर ने मामले की जांच में प्रारंभिक तौर पर 3 लाख 50 हजार 395 रुपये गबन करना पाया है। इसे ऋणी ग्राहकों से अमित श्रीवास्व ने फोन पे के माध्यम से अपने बैंक खाते में प्राप्त किया है, और कंपनी में जमा नहीं किया। इसके साथ ही उसके द्वारा कुछ ग्राहकों को कूटरचित फर्जी रसीद, पावती फायनेंस कंपनी की ओर से प्रदाय किया गया है। फाइनेंस कम्पनी को वर्तमान में ऐसी भी जानकारी मिल रही है कि अमित श्रीवास्तव के द्वारा ग्राहकों से श्री राम फायनेंस कंपनी के नाम पर नकद डाउन पेमेंट लेकर फर्जी तरीके से डी.ओ. लेटर जारी किया जा रहा है और एजेंसियों से वाहन सीधे ग्राहकों को दिलाया गया है। रिपोर्ट पर पुलिस अग्रिम जांच, कार्रवाई कर रही है।

# गांजा तस्करी के मामले का आरोपी गिरफ्तार, 6.5 किलोग्राम गांजा बरामद

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कोतवाली थाना पुलिस टीम ने गांजा तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1 लाख 25 हजार रुपये का साढ़े छह किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। आरोपी उक्त गांजा को उड़ीसा से खरीद कर बिक्री करने के लिए लाना स्वीकार किया है।
जानकारी के मुताबिक 15 सितम्बर को थाना कोतवाली पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि सतगुरु कबीर आश्रम, बस स्टैंड के पीछे एक संदेही सफेद रंग के प्लास्टिक बोरा में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध को घेराबंदी करके पकड़ा गया। पूछताछ व तलाशी में आशुतोष शर्मा पिता विजय नारायण शर्मा 19 वर्ष निवासी परसौना, थाना घोरावल जिला सोनभद्र उत्तर प्रदेश के पास प्लास्टिक बोरा में 6.5 किलोग्राम गांजा मिला। आरोपी ने गांजा को उड़ीसा से खरीद करके बिक्री करने हेतु लाना स्वीकार किया है। आरोपी के विरूद्ध पुलिस ने धारा 20(बी) एन.डी.पी.एस. एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, सहायक उप निरीक्षक अभिषेक दुबे, प्रधान आरक्षक सूरज राय, आरक्षक अमरेश सिह सैनिक श्याम साहू, सुनील गुप्ता सक्रिय रहे।



## गुम हुए मोबाइल के फोन पे का उपयोग करके 2.43 लाख रुपये ट्रांसफर

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मोबाइल गायब होने के बाद फोन पे के माध्यम से 2 लाख 43 हजार दो रुपये बैंक खाते से आहरण करने के मामले में व्यवसायी की ओर से की गई शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है, और जांच, कार्रवाई कर रही है। पुराना बस स्टैण्ड के पास राहुल हार्डवेयर नामक दुकान का संचालक करने वाले धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल ने पुलिस को बताया है कि 13 सितम्बर को रात करीब 8.15 बजे उनका वन-प्लस कंपनी का मोबाइल फोन गायब हो गया, जिससे वे कोटेक महिन्द्रा बैंक व एचडीएफसी बैंक के खाता का ऑनलाइन संचालन करते थे। मोबाइल में फोन पे उन्होंने चालू किया था। उन्होंने पुराना बस स्टैण्ड में माया लॉज के आसपास कहीं मोबाइल गिरने की संभावना व्यक्त की है। मोबाइल गायब होने के बाद उन्होंने उसी नम्बर का दूसरा सिम निकलवाया था, जिसे 15 सितम्बर को चालू करने पर दोनों बैंक खाते से पैसा आहरण होने का मैसेज आने लगा। व्यवसायी ने अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मोबाइल फोन में चालू फोन पे के माध्यम से 2 लाख 43 हजार 2 रुपये किस्तों में फोन पे के माध्यम से कई लोगों के फोन पे में ट्रांसफर करने की जानकारी पुलिस को दी है। रिपोर्ट पर पुलिस अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर रही है।




# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

★ यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने दिए गए आवश्यक निर्देश

★ जिले में 1 अक्टूबर से नो हेलमेट-नो पेट्रोल

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में कलेक्टर राजेंद्र कटारा की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर रमनलाल की उपस्थिति में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वनमंडलाधिकारी आलोक बाजपेयी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, अपर कलेक्टर श्री आर.एस. लाल, अभिषेक गुप्ता सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।



बैठक में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के यातायात प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

कलेक्टर ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिले के चिन्हित ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में तुरंत सुधार कार्य कराएं। कलेक्टर ने कहा कि जहां दुर्घटनाओं की आशंका अधिक रहती है, वहां पर गति नियंत्रण हेतु स्पीड ब्रेकर तथा सड़क किनारे जागरूकता बोर्ड एवं रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए, ताकि वाहन चालकों को समय रहते सचेत किया जा सके। उन्होंने सर्वाधिक दुर्घटना वाले क्षेत्र में सुरक्षा के सभी आवश्यक व्यवस्था जैसे-वाहनों की गति सीमा का बोर्ड, गति अवरोधक, अंधे मोड़, दुर्घटनाजनक क्षेत्र में संकेतक चिन्ह पर्याप्त मात्रा में लगाने की बात कही जिससे सड़क दुर्घटना में कमी लाई जा सके। कलेक्टर ने पशुओं से होने वाले सड़क दुर्घटनाओं के लिए सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं को रेडियम बेल्ट लगाने के साथ ही आवारा पशुओं के उचित प्रबंधन के लिए आवश्यक निर्देश भी दिये।

कलेक्टर ने कहा कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आगामी 1 अक्टूबर 2025 से नो हेलमेट नो पेट्रोल के नियम पर कार्य करते हुए हेलमेट की अनिवार्यता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट के किसी भी पेट्रोल पंप से पेट्रोल उपलब्ध नहीं कराया जाएगा और नियमों का पालन नहीं करने पर नियमानुसार कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने पेट्रोल पम्प संचालकों से अपेक्षा की है कि वे यातायात नियम के पालन में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने परिवहन अधिकारी को भी स्थानीय स्तर पर हेलमेट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए ताकि आम लोगों को हेलमेट खरीदने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर रमनलाल ने कहा कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को रोकने और लोगों में यातायात नियमों का पालन करना अनिवार्य है। इसके लिए नियमों के प्रति जागरूकता लाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए लोगों को सीट बेल्ट व हेलमेट पहनकर सीमित गति से वाहन चलाने, नशा सेवन कर वाहन न चलाने, यातायात के नियमों की जानकारी दें। यदि हर नागरिक सावधानी और नियमों का पालन करे तो सड़क पर होने वाली बड़ी दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनना अनिवार्य है। बिना हेलमेट के वाहन चलाना न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह जान के लिए भी खतरा है। दुर्घटना की स्थिति में हेलमेट जीवन रक्षक सिद्ध होता है। उन्होंने कहा कि यात्रा की दूरी चाहे जितनी भी हो, हमेशा हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यातायात जागरूकता के लिए समय-समय पर स्कूल, कॉलेजों में छात्रों को सड़क सुरक्षा की जानकारी दी जाए और स्वयं नियमों के पालन करते हुए अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। बैठक में समिति के सदस्य एवं विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 17 से 02 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी, सशक्त नारी परिवार अभियान

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** महिलाओं का स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण हमारे परिवार, समाज एवं राष्ट्र के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी दिशा में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान'' 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा। अभियान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित पोषण माह के साथ समन्वयित रूप से आयोजित किया जाएगा, जिसमें महिलाओं एवं बच्चों पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। जिले में कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा एवं जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया है कि अभियान के अंतर्गत जिले में 17 से 02 अक्टूबर तक प्रतिदिन आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, जिला चिकित्सालय में विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर महिलाओं में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, एनीमिया, क्षय रोग एवं सिकल सेल की सघन स्क्रीनिंग की जाएगी। साथ ही गर्भवती महिलाओं का प्रसवपूर्व जांच, टीकाकरण, परामर्श, बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को टीकाकरण, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत चि-?हांकित बच्चों का ऑपरेशन एवं उपचार, विद्यालयों/आश्रमों में स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श, एनीमिया जांच, उपचार एवं परामर्श, माहवारी स्वच्छता संबंधी जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार, छय रोग स्क्रीनिंग एवं निक्षय मित्र पंजीयन, सिकल सेल स्क्रीनिंग, कार्ड वितरण एवं परामर्श, रक्तदान शिविरों का आयोजन, आयुष्मान वय वंदन कार्ड, आभाकार्ड का निर्माण, स्वास्थ्य एवं वेलनेस के क्षेत्र में महिला स्टार्ट अप्स को प्रोत्साहन, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं टेलीमानस सेवाओं का प्रचार-प्रसार संबंधी जागरूकता का आयोजन किया जाएगा।

# राज्य स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में बलरामपुर को मिला पहला पुरस्कार

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर सेजेस विद्यालय जरहाडीह ने जिले का नाम किया रोशन

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** 卐सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा卐 राज्य स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन एससीईआरटी शंकर नगर, रायपुर में किया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से 15 स्कूलों के 150 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विकासखण्ड बलरामपुर के स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय जरहाडीह ने प्रथम स्थान प्राप्त जिले का नाम रोशन किया। प्रथम स्थान आने पर स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय जरहाडीह को 35 हजार रुपये एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरतीकला को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 10 हजार रुपये प्रदान किया गया।




प्रतियोगिता में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय जरहाडीह, बलरामपुर एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरतीकला, वाड्रफनगर के कुल 20 छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

गौरतलब है कि बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन व जिला शिक्षा अधिकारी श्री डी. एन. मिश्रा के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता स्कूल स्तर, ब्लॉक स्तर व जिला स्तर पर आयोजित किया गया। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय जरहाडीह एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरतीकला ने द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व किया।

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान जिले के 06 विकासखंडों एवं 421 आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले में 61 कलस्टर चिह्नित किये गये हैं। विकासखण्ड बलरामपुर, कुसमी, वाड्रफनगर, रामचंद्रपुर, राजपुर एवं शंकरगढ़ के अलग-अलग क्लस्टरों में आयोजित इन कार्यशाला में ब्लॉक मास्टर ट्रेनर तथा आदि साथी एवं आदि सहयोगियों, एसएचजी सदस्य व एनआरएलएम सदस्य को प्रशिक्षित किया जा रहा है।



कार्यशाला में ट्रांजेक्ट वॉक एवं सामूहिक बैठकों के माध्यम से गाँव का संसाधन मानचित्र तैयार करने, पीआरए फॉर्म को सही तरीके से भरने, गाँव का दीर्घकालिक विजन तैयार करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। साथ ही प्रतिभागियों को अवगत कराया गया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक जिले में आदि सेवा पर्व आयोजित किया जाएगा। इस अवधि में विभिन्न जनसेवा, स्वच्छता एवं जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

# अर्बन बैंक के शेयर धारक अब ऑनलाइन देख सकेंगे अपना एकाउंट

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** नागपुर में अर्बन बैंक एम्प्लॉय कॉपरेटिव क्रेडिट सोसायटी का 96 वां वार्षिक अधिवेशन गत दिनों संपन्न हुआ।अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक नागपुर दीपक गुप्ता उपस्थित थे। अध्यक्षता प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी पूर्व तटीय रेलवे ने की जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में उदय भारती वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी एवं वरिष्ठ संरक्षा अधिकारी नागपुर की उपस्थित थे।अधिवेशन की शुरुआत अतिथियों के हाथों अर्बन बैंक के परिवर्तन एप का शुभारंभ कर किया गया। बैंक के चेयर पर्सन एसपी सिंह ने बताया कि सितम्बर 2024 में संपन्न हुए अर्बन बैंक के चुनाव में परिवर्तन पैनल विजयी हुआ था। उन्होंने बताया कि एक वर्ष के अल्प समय में घोषणा पत्र में किए वायदे के अनुसार लोन पर ब्याज दर 10 से 9 प्रतिशत, लोन राशि 20 लाख तक, लोन राशि का 0.25 प्रतिशत एकमुश्त भुगतान से लोन बीमा देने की सुविधा, डीविडेंट पर 7 से 7.5 प्रतिशत ब्याज दर, उन्नत व नए हालीडे होम, हालीडे होम आवंटन में पारदर्शिता के साथ साथ ही आज सम्पूर्ण रेलवे कॉपरेटिव क्रेडिट सोसायटी एप बेस प्रथम सोसायटी बन गया है। जिससे सभी शेयर धारकों को अब ऑन लाइन सुविधा प्राप्त होगी। शेयर धारक अब अपने मोबाईल पर ही खाते का विवरण, लोन किश्त की जानकारी, हालीडे होम बुकिंग कर सकेगा। भविष्य में ऋण की प्रक्रिया एप द्वारा ही संचालित किए जाने का प्रस्ताव है। अधिवेशन में दक्षिण पूर्व, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं पूर्व तटीय रेलवे के 18 डायरेक्टर सहित 691 डेलीगेट ने सोसायटी को और उन्नत करने के लिए अपने सुझाव दिए। अधिवेशन के दौरान भविष्य में सभी शेयर धारकों को और भी बेहतर सुविधा प्रदान करने का संकल्प लिया गया। बैठक में बैंक के चेयर पर्सन एसपी सिंह सहित अर्बन बैंक बिलासपुर के डायरेक्टर रामकुमार यादव सहित बैंक से जुड़े पदाधिकारी सम्मेलन में उपस्थित थे।



## कार की टक्कर से महिला की मौत, दो बाइक सवार आहत

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत धरतीपारा में कार की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई है। कार चालक ने महिला के अलावा दो बाइक सवारों को भी जबरदस्त टक्कर मार दिया है। करंजी पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत नया करकोली निवासी 46 वर्षीय मानकुंवर पति स्व.विफल घासी सोमवार की शाम ग्राम पंचायत धरतीपारा में करमा त्यौहार मनाकर पैदल वापस घर लौट रही थी, तभी धरतीपारा में कार क्रमांक सीजी 29 एई 7308 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए महिला को पीछे से टक्कर मार दिया, जिससे महिला की मौके पर मौत हो गई है। करंजी पुलिस ने बताया कि कार चालक ने महिला को टक्कर मारने से पूर्व खोपा स्टेडियम के पास एवं केनापारा में भी दो बाइक सवारों को टक्कर मार दिया है, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई है। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की सूचना पर पुलिस ने कार को जब्त कर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# समय-सीमा की बैठक संपन्न

★ 17 सितम्बर से शुरू होंगे विविध जनहितकारी कार्यक्रम

★ कलेक्टर ने कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर राजेंद्र कटारा की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभा कक्ष में समय सीमा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं सहित राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा ने 17 सितंबर 2025 से आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पोषण माह, स्वच्छता सेवा पखवाड़ा, अंगीकार अभियान, आदि सेवा केंद्र का शुभारम्भ सहित विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी, जिनके माध्यम से कुपोषित बच्चों और माताओं को पोषण युक्त आहार की जानकारी दी जाएगी। स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के दौरान ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में सफाई अभियान चलाया जाएगा। बैठक में अंगीकार अभियान योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना 2.0 अंतर्गत योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों को सुनिश्चित कराया जाएगा। साथ ही आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ भी 17 सितम्बर से किया जाएगा। जो की आदिवासी समुदायों को आवश्यक सेवाएँ और योजनाओं से लाभान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कलेक्टर ने कहा कि सभी कार्यक्रमों के लिए जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे नियमित रूप से फील्ड विजिट करें। इन कार्यक्रमों, अभियानों के माध्यम से न केवल शासन की योजनाएं जनता तक पहुँचेंगी, बल्कि लोगों की जीवनशैली और स्वास्थ्य में भी सकारात्मक परिवर्तन आएगा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा।




कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास और पीएम जनमन आवास योजना की प्रगति की विकासखंडवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आवास निर्माण कार्य में तेजी लाकर शीघ्र पूर्ण कराएं। कलेक्टर ने कहा कि आवास निर्माण में किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो। आवास की राशि सीधे हितग्राही के खाते में ही जाए यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फील्ड में जाकर निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री कटारा ने राजस्व प्रकरणों के निराकृत एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने नामांतरण, खाता बटांकन, अभिलेख शुद्धता, न्यायालयीन आदि प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत कर ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश दिए। साथ ही लोक सेवा गारंटी के लंबित आवेदनों के निराकरण में भी तेजी लाने को कहा। बैठक में उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा, जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों की भी जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, अपर कलेक्टर आर.एस. लाल, अभिषेक गुप्ता सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## शिक्षा को बढ़ावा देने बिंझिया समाज ने दिया जोर

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** अखिल भारतीय बिंझिया समाज जयनगर क्षेत्र की क्षेत्रीय कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश संगठन एवं क्षेत्रीय संगठन के निर्देशानुसार पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष तपेश्वर राम बिंझिया की अगुवाई में बैठक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती एवं गोपाल राय बिंझिया की छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव हरदेव सिरदार, कार्यक्रम की सभापति शुकरु राम बिंझिया, अध्यक्ष बंधू राम बिंझिया, क्षेत्रीय कार्यकरिणी से पूर्व उपाध्यक्ष तपेश्वर राम, क्षेत्रीय क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष शंकर गवंटिया, क्षेत्रीय प्रवक्ता देवधन राम बिंझिया, सह प्रवक्ता राजेश्वर सिरदार, उपाध्यक्ष करिमन राम, संरक्षक राम प्रसाद, सोहरसाय, श्री राम अवतार, बसंत बिंझिया, दुबराज बिंझिया, व्यवस्थापक केशर गवटिया, सपूरन राम बिंझिया को मंचासीन कराया गया। सभी मंचस्थ अतिथियों द्वारा स्वागत भाषण में समाज सुधार, शिक्षा पर जोर, युवाओं को टेक्निकल शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा, समाज के पढ़ने वाले छात्र, छात्राओं कैरियर गाईड लाईन देने, कालेज छात्रों को अधिक से अधिक डिग्री डिप्लोमा प्राप्त करने की जानकारी दी गई। साथ ही महिला संगठन को और मजबूत करने की जानकारी, युवा संगठन संगठन का विस्तार, प्रति माह बैठक करने की सलाह दी गई एवं समाज के लोगों को नशा पान से दुर रहने की बात कही गई। समाज के लोगों धर्मांतरण से दुर रहने की बात कही गई इसके लिए कड़ी कानून बनाने के लिए भी विचार किया गया। क्षेत्रीय प्रवक्ता देवधन राय बिंझिया ने बताया कि अब हमारा समाज विकास की ओर आगे बढ़ रहा है और आज हमारे समाज संगठन में एक जिला पंचायत सदस्य, एक, जिला उपाध्यक्ष एक, जनपद अधयक्ष एक, दो मंडल अध्यक्ष, चार मंडल महामंत्री, चार जनपद सदस्य, सत्रह सरपंच, सैंतालिस उपसरपंच, एक सौ उन्तीस वार्ड पंच, चार लोगों का एमबीबीएस में चयन यह हमारे समाज के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि हैं। इस प्रकार से हमारे समाज संगठन और मजबूती के साथ विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। इस दौरान परस राम, पातर साय सरपंच, श्याम नारायण, कृष्ण पाल बिंझिया, हरिराम, फलेश्वर बिंझिया, गीता राम, नरसिंह नारायण सिंह, दुबराज, राम अवतार, रामनाथ, राजनाथ सिंह, बिगन राम, जय प्रकाश, विजय सिरदार, उदल बिंझिया, देवसाय बिंझिया, चौधरी लाल बिंझिया, अजय कुमार, बलिंदर, छोटू राम, महिपाल सिंह, सेवक राम, बुध राम, सिंगलाज, अमरसाय, रजवा राम, फलेश्वर, राम, नवल, प्रकाश राम, सहस राम, चैतन राम, विनोद कुमार, नारसिंह, ब्रह्मदेव, मुन्ना, कृष्ण, भीखम, तेजन, विशाल, गोपाल, राजू सिरदार, बिंदेश्वर, इंद्रवती, प्रतिभा, राम, रीता सिरदार, प्यारी, सुशीला व अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रदेश महामंत्री देवशरण सिंह बिंझिया एवं आभार व्यक्त राजेश्वर सिरदार ने किया।



# कलेक्टर की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों की बैठक संपन्न

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कटारा की अध्यक्षता में कलेक्टर कक्ष में जिले के सर्व मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कटारा द्वारा उपस्थित राजनीतिक दलों के सदस्यों को अवगत कराया गया कि निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों का गहन पुनरीक्षण किया जाना संभावित है। जिसके लिए जिले की विधानसभा 07-रामानुजगंज एवं 08-सामरी तथा 06-प्रतापपुर आंशिक के समस्त मतदान केन्द्रों में कार्यवाही तहसील स्तर पर प्रारंभ कर दी गयी है।

बैठक में उन्होंने बताया कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची को आधार मानते हुए वर्ष 2025 की मतदाता सूची से बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा बीएलओ सुपरवाईजर की निगरानी में मिलान किया जाएगा। वर्ष 2003 की मतदाता सूची के अनुसार जिले के कुल 470 मतदान केन्द्रों में 3,49,200 मतदाता पंजीकृत थे तथा मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन दिनांक 06 जनवरी 2025 के अनुसार 683 मतदान केन्द्रों में 5,71,240 मतदाता पंजीकृत थे। वर्तमान स्थिति में जिले में कुल 5,74,065 मतदाता पंजीकृत हैं। मिलान उपरांत कैटेगरी ''ए'' एवं केटेगरी ''बी'' में मतदाताओं की सूची तैयार की जाएगी। ऐसे मतदाता जिनका नाम 2003 एवं 2025 की मतदाता सूची दोनों में है उनका नाम कैटेगरी ''ए'' में तथा ऐसे मतदाता जिनका नाम 2025 की मतदाता सूची में है किन्तु 2003 की मतदाता सूची में नही है पर उनके परिवार के सदस्यों माता अथवा पिता का नाम 2003 की मतदाता सूची में है तो वह कैटेगरी ''बी'' में आयेंगे। उक्त कार्य की समय-सीमा 20 सितम्बर 2025 निर्धारित की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कटारा ने कहा कि आप सभी अपने विधानसभा स्तर पर प्रतिनिधियों तथा बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से उक्त कार्य का अवलोकन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि समस्त राजनैतिक दलों को प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिये बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने हेतु पत्र जारी किया गया था। किन्तु वर्तमान तक किसी भी दल द्वारा सूची उपलब्ध नहीं कराई गयी है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस हेतु 16 जून 2025 तक का समय निर्धारित किया गया था। अतएव अधिक विलम्ब न करते हुए आगामी 3 दिवस में बीएलए की सूची इस कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा।



बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव जेम्स कुजूर व विभिन्न राजनैतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सहकारी बैंक से लाखों रुपये फर्जी आहरण समाज विशेष के दर्जनों लोग हुए शिकार



छ.ग.फ्रंटलाइन

**रामानुजगंज।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा रामानुजगंज से केसीसी के नाम पर लाखों रु फर्जी तरीके से आहरण कर लिया गया है, ठगी के शिकार हुए गोंड़ समाज के गरीब वर्ग के दर्जनों किसानों ने पुलिस अधीक्षक बलरामपुर को ज्ञापन सौंपकर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की गुहार लगाई है। गौरतलब है कि आ.जा.सेवा सहकारी समिति मर्यादिय महावीरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत भाला के जनजातीय समाज गोंड़ वर्ग के दर्जनों गरीब किसानों के नाम से किसी बिचौलिए ने किसान के जानकारी के बगैर सहकारी समिति महावीरगंज एवं सहकारी बैंक शाखा रामानुजगंज के कर्मचारियों से मिली-भगत करके केसीसी के नाम पर लाखों रु फर्जी तरीके से आहरण कर लिया है, जिससे गरीब आदिवासियों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है, किसानों ने अपने साथ हुए छल के संबंध में पुलिस अधीक्षक बलरामपुर वैंकर वैभव रमनलाल को ज्ञापन सौंपकर शुक्ष्मता से जांच करने एवं दोषियों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कराते हुए दोषियों से फर्जी तरीके से बेनामी ऋण एवं सामग्री का प्रकरण बनाकर आहरण किए गए राशि वसूल करने की मांग की गई है।

**किसके नाम कितना हेराफेरी**

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर को सौंपे गए ज्ञापन में किसानों ने बताया कि ग्राम पंचायत भाला निवासी 1. हरिचरण आत्मज लालमन जाती गोंड़ के नाम पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा रामानुजगंज से खाता क्रमांक 104004677707 में दिनांक 11/05/2023 को 160000 (एक लाख साठ हजार) रु का ऋण स्वीकृत होना दर्शाया गया एवं दिनांक 15/05/2023 को आहरण होना दर्शाया गया है ठीक उसी प्रकार 2. रूपलाल आत्मज जगन के खाता क्रमांक 104004657351 में दिनांक 11/05/2023 को 160000 (एक लाख साठ हजार) रु का ऋण स्वीकृति होना दर्शाया गया है एवं उसी दिन 11/05/2023 को ही आहरण होना दर्शाया गया है इसी खाते में दिनांक 30/09/2023 को पुन: 160000 (एक लाख साठ हजार) रु का ऋण स्वीकृत होना एवं दिनांक 23/11/2023 को पुन: आहरण होना दर्शाया गया है, अर्थात रूपलाल आत्मज जगन के खाता क्रमांक 104004657351 से कुल 320000 (तीन लाख बिस हजार) रु आहरण होना दर्शाया गया है, 3. बजरंग आत्मज रामलाल के खाता क्रमांक 104004677366 में दिनांक 11/05/2023 को 160000 (एक लाख साठ हजार) रु का ऋण स्वीकृत होना एवं दूसरे दिन 12/05/2023 को आहरण होना बताया गया है, 4. मानसाय आत्मज लखपत के खाता क्रमांक 104002282473 में दिनांक 11/05/2023 को 160000 (एक लाख साठ हजार) रु का ऋण स्वीकृत होना एवं दूसरे दिन 12/95/2023 को आहरण होना दर्शाया गया है, 05. देवकल आयाम आत्मज रामसूरत आयाम के खाता क्रमांक 104004542362 में दिनांक 15/11/2022 को 120000 (एक लाख बिस हजार) रु का ऋण स्वीकृति होना तथा उसी दिन 15/11/2022 को ही आहरण होना दर्शाया गया है. उपरोक्त सभी का निवासी ग्राम पंचायत भाला एवं सभी का जाती गोंड़ है। इसमें एक बात स्पष्ट है कि जिस प्रकार से सभी किसानों के नाम से एक ही तिथि को स्वीकृति होना एवं एक ही तिथि को आहरण दर्शाया जाना इस बात का संकेत है कि विचौलिया एवं समिति तथा बैंक की साजिस एक बृहद पैमाने पर थी,एक योजनाबद्ध तरीके से सम्मिलित रूप से यह फर्जीवाड़ा किया गया है।

**समय का चयन संदेहास्पद**

इस बृहद फर्जीवाड़े के तहत गरीब आदिवासियों के खाते से फर्जी ऋण आहरण का जो समय चुना गया है अर्थात खाते में ऋण स्वीकृति होने एवं आहरण होने की तारीख पर गौर करें तो एक और बात संदेहास्पद है कि समस्त फर्जी ऋण छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 से ठीक पहले आहरण हुआ है,जिससे प्रतीत होता है कि इस फर्जीवाड़े में किसी जानकार व्यक्ति का हाथ है जो विचौलिया से मिलकर इस उम्मीद से फर्जी ऋण आहरण किया गया कि विधानसभा चुनाव 2023 में किसी न किसी राजनीतिक पार्टी के द्वारा ऋण माफी की घोषणा की जाएगी और ऋण माफी योजना में समस्त ऋण माफ हो जाएंगे जिससे किसानों को पता भी नहीं चलेगा,और इसी उम्मीद में एक बृहद फर्जीवाड़े को अंजाम दिया गया है।

**कैसे हुआ मामला उजागर**

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2018 में कांग्रेस ने ऋण माफी योजना लाकर सरकार बनाई थी और 2018 तक सभी प्रकार के केसीसी ऋण माफ कर दिया था,2023 के चुनाव में भी ऋण माफ हो जाएगा सोचकर ऋण आहरण की गई होगी और बदनसीबी से इस बार ऋण माफी योजना लागू नहीं हुई, आ.जा.सेवा.सहकारी समिति महावीरगंज कार्यालय से कालातीत किसानों को बकाया ऋण वसूली का जब नोटिस जारी किया गया तब किसान को पता चला कि उनके नाम से किसी ने ऋण आहरण कर ली है,आदिवासी गरीब किसान आधार कार्ड के माध्यम से सहकारी बैंक शाखा रामानुजगंज से अपने खाते का स्टेटमेंट निकलवाए, तो पूरा फर्जीवाड़ा सामने आ गया,इनके खाते में ऐसे लेनदेन का रिकार्ड दर्ज है जो इन्होंने कभी लिया ही नहीं है।

**भूमि के रकबे का भी हो जांच**

सामान्यत: किसी व्यक्ति के द्वारा समिति के माध्यम से जब केसीसी ऋण के लिए अपील की जाती है तो प्रति एकड़ के हिसाब से एक निश्चित राशि निर्धारित होती है,परंतु ग्राम पंचायत भाला के गोंड़ समाज के जितने लोगों के नाम से ऋण की राशि आहरण की गई है, ग्रामीणों ने बताया कि इतनी राशि स्वीकृत होने योग्य इनका भूमि का रकबा भी नहीं है, जिससे ग्रामीणों ने ये भी कहा कि समस्त पीड़ित किसान के ऋण से संबंधित फाइल का भी सुक्ष्मता से जांच होनी चाहिए ऋण की राशि बढ़ाने हेतु इनके भूमि संबंधी रिकार्ड में रकबा के साथ भी छेड़छाड़ की आशंका जताई जा रही है.!

**डीएमआर खाता से आहरण की प्रक्रिया गलत**

सहकारी समितियों से जब कोई किसान केसीसी ऋण के लिए अपील करता है उसके लिए सहकारी बैंक में किसान का तीन खाता होना अनिवार्य होता है,जिसमें दो खाता डीएमआर क्रमश कैश एवं काइंड का तथा एक बचत खाता का होना अनिवार्य होता है, केसीसी ऋण स्वीकृत होने के उपरांत वह राशि डीएमआर खाता जमा होता है आहरण से पहले उसे बचत खाता में हस्तांतरीत कर आहरण किया जाता है,परंतु इस फर्जी केसीसी ऋण मामले में बचत खाते में हस्तांतरित किए बिना डीएमआर खाता से ही आहरण कर लिया गया है जो संदेहास्पद है।

**एसपी, कलेक्टर से जांच की मांग**

अशिक्षित आदिवासी वर्ग के पीड़ित किसान का ऋण संबंधी आवश्यक दस्तावेज विचौलिया के पास कहाँ से आया, बैंक से डाटा का दुरुपयोग हुआ,या समिति से डाटा का दुरुपयोग हुआ ये जांच का विषय है, जिससे परेशान होकर पीड़ित किसानों ने पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर बलरामपुर को ज्ञापन देकर फर्जीवाड़ा में शामिल दोषियों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है, अब देखना दिलचस्प होगा कि इस पूरे मामले में आगे क्या करवाई होती है।

## अग्रसेन जयंती पर वृहद कार्यक्रमों का आयोजन

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** श्री अग्रवाल सभा अंबिकापुर द्वारा अग्रसेन जयंती महोत्सव आयोजन के क्रम में 8 सितंबर से 22 सितंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारत य में 8 सितंबर को क्रिकेट मैच अग्रसेन प्रीमियर लीग का शुभारंभ गांधी स्टेडियम में किया गया, इसका समापन 12 सितंबर को किया गया। 11 सितंबर को विधिवत अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ अग्रसेन भवन में श्री अग्रसेन महाराज का ध्वज फहराकर, भव्य आतिशबाजी के साथ किया गया। ध्वजारोहण पश्चात भगवान श्री अग्रसेन के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल, उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष शुभम अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष लखीराम अग्रवाल, रमेश बंसल, विनोद अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, महिला सभा अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, युवती मंच अध्यक्ष शिखा अग्रवाल, युवा मंच के अध्यक्ष यश अग्रवाल मंचस्थ रहे। मंच का संचालन अग्रवाल सभा के सचिव संजय अग्रवाल ने किया।



अध्यक्ष उद्बोधन में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल ने अग्रवाल समाज के लोगों को अग्रसेन जयंती महोत्सव प्रारंभ होने पर बधाई व शुभकामनाएं दी और बताया कि आप सभी के सहयोग से हम सभी वर्गों के लिए पुरुष, महिलाएं, युवा व बच्चों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न आयोजन कर रहे हैं, जिससे सभी वर्ग मनोरंजन का लु त उठा सकें। महोत्सव दौरान चित्रकारी, सामाजिक नारा लिखो, सुडोकू, टग ऑफ वॉर, लूडो, विविध वेशभूषा प्रतियोगिता के अलावा दौड़, साइकिल रेस, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, छोटे बच्चों हेतु जलेबी दौड़, फुग्गा दौड़, ट्राई साइकिल रेस, सामान पहचानो, अग्र आइडल, वेट लॉस, रंगोली, गेट रेडी फॉर स्कूल, जोड़ी कमाल की, मेहंदी, स्लो स्कूटी, मैं और मेरी बाई, सीन पर प्ले प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा चुका है, जिसमें सैकड़ों बच्चे, महिला व पुरुषों ने भाग लिया। प्रथम द्वितीय प्रतिभागियों को ईनाम भी वितरित किया गया। आयोजन के दौरान भंडारे की व्यवस्था की जा रही है, इसके प्रभारी विनोद अग्रवाल ने बताया गया कि पूरे जयंती महोत्सव के दौरान सर्व समाज हेतु भंडारा लगाया जाता है, जो अग्रसेन भवन के बाहर वितरण किया जा रहा है। खेलकूद, संस्कृति व अन्य आयोजनों में अग्रवाल सभा अध्यक्ष संजय मित्तल, उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, सचिव संजय अग्रवाल, सहसचिव घनश्याम गर्ग, पवन गर्ग, कोषाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, लेख परीक्षक संजय जालान, सलाहकार मनोज जैन, प्रवक्ता मनोज अग्रवाल, भोजन प्रभारी विनोद अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, रुपेश अग्रवाल, युवा मंच अध्यक्ष यश गर्ग, महिला सभा अध्यक्ष सीमा अग्रवाल सहित अन्य प्रभारी उपस्थित रहे।

**80 यूनिट रक्तदान**

मंगलवार को समाज द्वारा रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 80 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर में महिलाओं व युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सर्वप्रथम अग्रवाल सभा अध्यक्ष संजय मित्तल व महिला सभा अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, युवा मंच के अध्यक्ष यश अग्रवाल द्वारा रक्तदान कर शिविर की शुरुआत की। शिविर में युवा मंच, अग्रवाल सभा कार्यकारिणी, महिला सभा कार्यकारिणी के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भी रक्तदान किया। रक्तदान प्रभारी अग्रवाल सभा उपाध्यक्ष शुभम अग्रवाल ने बताया कि समाज कल्याण हेतु अग्रवाल समाज द्वारा प्रतिवर्ष अग्रसेन जयंती महोत्सव के दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसे जिला चिकित्सालय व अन्य ब्लड बैंकों में दान किया जाता है।

## घाट पर पसरी गंदगी से व्रती महिलाएं हुईं आक्रोशित

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जरही।** नगर पंचायत जरही में इस बार जीवितपुत्रिका व्रत करने पहुंचीं सैकड़ों महिलाओं में नगर पंचायत की उदासीनता को लेकर गहरा आक्रोश देखा गया। पारंपरिक रूप से डुमरिया बांध के घाट पर स्नान, पूजा एवं कथा श्रवण के साथ महिलाएं इसका समापन करती हैं। इस वर्ष घाट की दुर्दशा ने महिलाओं के उत्साह पर पानी फेर दिया। घाट पर जगह-जगह कचरे के अंबार लगे थे, बदबू और गंदगी के कारण महिलाओं को स्नान स्थल तक पहुंचने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि हर साल इस अवसर से पहले घाट की सफाई की जाती थी, इस बार सफाई नहीं होने से व्रतधारी महिलाओं को स्वयं ही घाट पर गंदगी हटाकर स्नान करना पड़ा। महिलाओं ने बताया कि नगर पंचायत ने घाट पर झाड़ू तक नहीं लगवाया, न ही कोई सफाईकर्मी तैनात किया। इससे नाराज होकर महिलाओं और स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए।



लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि घाट की नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की गई, तो वे बड़े स्तर पर विरोध दर्ज कराएंगे।

## राष्ट्रीय एकता शिविर हरियाणा में, रवाना हुए विवि सरगुजा के छात्र



**छ.ग.फ्रंटलाइन,अंबिकापुर।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ ने राष्ट्रीय एकता शिविर, 17 से 23 सितंबर के लिए विवि के 09 स्वयंसेवकों और 01 कार्यक्रम अधिकारी को रवाना किया। शिविर भारत सरकार खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय के द्वारा सेंट लॉरेंस इंटरनेशनल स्कूल शाहपुर रोड बिलासपुर, यमुनानगर हरियाणा में आयोजित किया जा रहा है। शिविर यूथ फॉर माई भारत और यूथ फॉर डिजिटल लिट्रेसी पर केंद्रित है।

सात दिवसीय शिविर में सभी स्वयंसेवकों का व्यक्तित्व का विकास विभिन्न माध्यमों से किया जाएगा। स्वयंसेवकों को कई कार्यक्रम और सांस्कृतिक गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। इस शिविर के लिए विश्वविद्यालय से 5 छात्र और 4 छात्राओं को चयनित करके भेजा गया है। इसमें ओम प्रकाश, लोकेश विश्वकर्मा, जलेश्वर सिंह, दीपू सिंह, तरुण देवांगन, नेहा राजवाड़े, मीना राजवाड़े, अग्नि यादव, वंदना के अलावा सुनील कुमार चक्रधारी कार्यक्रम अधिकारी शामिल हैं। संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रेम प्रकाश सिंह व कुलसचिव डॉ. शारदा प्रसाद त्रिपाठी ने सभी को शुभकामनाएं देकर रवाना किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एसएन पांडेय, जिला संगठक खेमकरण अहिरवार ने भी सभी स्वयंसेवकों को उनके सहभागिता और श्रेष्ठ योगदान देकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनी छात्रों के लिए मुसीबत, सौंपा ज्ञापन

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लागू होने के बाद से छात्रों को हो रही गंभीर समस्याओं को लेकर विरोध दर्ज कराते हुए मंगलवार को आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा के नेतृत्व में छात्रों ने संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के कुलपति के माध्यम से कुलाधिपति (राज्यपाल) एवं सरगुजा कलेक्टर के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग के सचिव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि मौजूदा नियमों और कॉलेज प्रशासन की लापरवाही ने हजारों छात्रों का भविष्य दांव पर लगा दिया है, जिससे वे मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि राजीव गांधी पीजी कॉलेज अंबिकापुर और संभाग के अन्य कॉलेजों में बड़ी सं या में ऐसे छात्र हैं जो फर्स्ट और सेकंड सेमेस्टर में एक या दो विषयों में बैक पेपर होने के कारण पांचवें सेमेस्टर में प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं। छात्रों का पूरा एक साल



बर्बाद हो रहा है, जिससे उनके माता-पिता भी चिंतित हैं। यह समस्या सिर्फ सरगुजा तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षा ले रहे छात्रों को प्रभावित कर रही है। आजाद सेवा संघ ने आरोप लगाया कि इस स्थिति के लिए सिर्फ छात्र नहीं, बल्कि कॉलेज प्रशासन और उच्च शिक्षा विभाग भी जिम्मेदार हैं। ज्ञापन में शिक्षकों की अज्ञानता पर प्रकाश डालते हुए कहा गया है कि महाविद्यालयों में कई प्राध्यापकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति की पर्याप्त जानकारी नहीं है, जिसके कारण छात्रों को इस नीति के बारे में सही और पूरी जानकारी कभी नहीं दी गई। इसकी जटिलताओं को लेकर छात्र आज भी भ्रमित हैं। महाविद्यालयों में कक्षाएं समय पर संचालित नहीं होती हैं, जिससे छात्रों का सिलेबस समय पर पूरा नहीं हो पाता। इसका सीधा असर उनके परीक्षा परिणामों पर पड़ रहा है। छात्रों को सिर्फ एक बार पुनर्गणना (रिटोटल) का मौका मिलता है, जिसमें अक्सर कोई बदलाव नहीं होता। यह प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी नहीं है, जिससे छात्रों का विश्वास खत्म हो रहा है। आजाद सेवा संघ ने उच्च शिक्षा विभाग से छात्र हित में पांचवें सेमेस्टर में सशर्त प्रवेश, पुनर्मूल्यांकन का अधिकार, जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित करने की मांग की है। रचित मिश्रा ने कहा है कि हमारी मांगें सिर्फ प्रशासनिक नहीं हैं, बल्कि हजारों छात्रों के भविष्य से जुड़ी हैं। अगर इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो आने वाले समय में कॉलेज में छात्रों के प्रवेश में भारी कमी आ सकती है और यह शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा संकट पैदा कर सकता है। उच्च शिक्षा विभाग इसे गंभीरता से लेगा, इसकी अपेक्षा व्यक्त की गई है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द ही कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया, तो आजाद सेवा संघ छात्रों के साथ मिलकर प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होगा।

# ओजोन गैस की महत्ता और उसके संरक्षण पर भूगोल विभाग में व्याख्यान

**छ.ग.फ्रंटलाइन,अंबिकापुर।** राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय अंबिकापुर के स्नातकोत्तर भूगोल विभाग में ओजोन दिवस के अवसर पर विभाग के प्राध्यापकों व छात्रों द्वारा व्याख्यानमाला आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल सिन्हा ने इस अवसर पर कहा कि पृथ्वी विज्ञान के रूप में भूगोल जलमंडल, स्थल मंडल एवं वायुमंडल का अध्ययन करने वाला विज्ञान है। पृथ्वी का अस्तित्व को बनाए रखने में इसके वायुमंडल की अग्रणी भूमिका है। वायुमंडल की परत के रूप में ओजोन गैसों का समूह पृथ्वी के लिए सुरक्षा कवच है। भौतिकवादी माननीय क्रियाकलापों से इसके नष्ट होने का खतरा उत्पन्न हो गया है।



विभाग के गेस्ट प्राध्यापक ओमकार कुशवाहा ने कहा कि ओजोन परत स्ट्रैटोस्फियर में लगभग 15 से 35 किमी की ऊंचाई पर स्थित है और सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणों को सोखकर जीव-जगत की रक्षा करती है। भूगोल फैकल्टी डॉ. राजीव जाना ने अपने उद्बोधन में कहा कि ओजोन परत हानिकारक किरणों को रोकता है, जिससे मनुष्यों में त्वचा कैंसर, मोतियाबिंद और अन्य रोगों से बचाव होता है। यह फसलों को पराबैंगनी विकिरण से बचाकर उत्पादन और गुणवत्ता बनाए रखती है। सातवें सेमेस्टर की काजल सोनी ने कहा कि यह वायुमंडल में ऊर्जा के संतुलन को बनाए रख पृथ्वी के तापमान को नियंत्रित करती है। औद्योगिक उपयोग की क्लोरो लोरोकार्बन हैलोन, मिथाइल, ब्रोमाइड जैसी गैसों के सांद्रता में कमी किया जाना बहुत जरूरी है। छात्र सरजू मरकाम ने रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर का कम उपयोग और ओजोन नाशक रसायनों के स्थान पर पर्यावरण अनुकूल विकल्पों के प्रयोग पर जोर दिया। स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर के छात्रा पुनीता, छात्र संदीप कुमार, देव कुमार ने अनियंत्रित औद्योगिकीकरण और वनों की कटाई औद्योगिक इकाइयों में उत्सर्जन नियंत्रण, वनों की रक्षा और व्यापक वृक्षारोपण, जनजागरूकता और शिक्षा के माध्यम से समाज की भागीदारी को ओजोन संरक्षण के लिए प्रभावी बताया। सर्वस मति से छात्रों ने संकल्प लिया कि ओजोन परत पृथ्वी का प्राकृतिक ढाल है, इसके बिना जीवन की कल्पना असंभव है। महाविद्यालयीन युवाओं की जि मेदारी है कि वे वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाएं, पर्यावरण-हितैषी तकनीकों को प्रोत्साहित करें और समाज को जागरूक बनाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करें। कार्यक्रम का संचालन स्नातकोत्तर छात्र देव कुमार ने किया। इस अवसर पर स्नातकोत्तर भूगोल के प्रथम सेमेस्टर, तृतीय सेमेस्टर एवं ऑनर्स भूगोल के सातवें सेमेस्टर के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जामदोहर और पीजी 11 की टीमें पहुँची अगले दौर में

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अम्बिकापुर।** गांधी स्टेडियम में खेले जा रहे संभाग स्तरीय नॉकआउट कम लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतर्गत मंगलवार को पहला मैच फुटबॉल क्लब जामदोहर विरुद्ध फुटबॉल क्लब परसोढी के मध्य खेला गया। जमदोहर की टीम ने अच्छी तालमेल के साथ खेलते हुए पहले हाफ में दो गोल की बढ़त बना ली, वही मैच के दूसरे हाथ में परसोदी की टीम ने अच्छा खेल दिखाया पर गोल करने में सफलता नहीं मिल सकी। इस तरह जामदोहर की टीम ने 2-0 से मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया! प्रतियोगिता का दूसरा मैच पीजी 11 अंबिकापुर विरुद्ध न्यू बॉयज क्लब बृजनगर के मध्य खेला गया। मैच के प्रथम हाफ में दोनों टीमों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए एक दुसरे पर गोल के कई प्रयास किये जिसमे प्रथम हाफ के अंतिम क्षणों में पीजी 11 की टीम ने एक गोल कर टीम को एक जीरो की बढ़त दिला दी। मैच के दूसरे हाफ में ब्रिजनगर की टीम ने वापसी करने का काफी प्रयास किया लेकिन पीजी 11 की रक्षा पंक्ति को भेद नहीं पाई। खेल के अंतिम क्षणों में पीजी 11 की टीम ने एक गोल करके 2-0 की बढ़त ले ली, लेकिन ब्रिजनगर की टीम ने भी हिम्मत नहीं हारी और खेल के अंतिम मिनट में एक गोल कर मैच को 2-1 पर कर दिया। इस प्रकार यह रोमांचक मैच पीजी 11 की टीम ने 2-1 से जीत लिया। आज के मैच के निर्णायक विल्सन कुजूर, आयुष, अंकुश, अनुप्रास, अखिलानंद, दीपक कुजूर थे। आज इस प्रतियोगिता के अंतर्गत दो मैच खेले जाएंगे पहला मैच दी ब्रदर्स बरनीझरिया विरुद्ध न्यू स्टार क्लब कोटिया के मध्य खेला जाएगा तथा दूसरा मैच संत इग्नियस चर्च नमनाकला विरुद्ध यूनाइटेड 11 के मध्य खेला जाएगा ।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आई महिला की दर्दनाक मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन,अंबिकापुर।** मणिपुर थाना क्षेत्र में गहिरा गुरू आश्रम व सरगुजा सांसद के आवास के पास दिमागी रूप से कमजोर एक महिला को अज्ञात भारी वाहन का चालक चपेट में ले लिया, जिसमें उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

भाथुपारा निवासी मृतका के भतीजा नीरज किस्पोट्टा ने बताया कि उसकी बुआ सीता किस्पोट्टा 50 वर्ष अविवाहित और दिमागी रूप से कमजोर थी। मंगलवार को दिन में करीब 11 बजे वह भाथुपारा स्थित घर से खालपारा में स्थित दूसरे घर में जाने के लिए निकली थी। इसी दौरान उन्हें स्कूटी सवार कुछ युवतियों ने बताया कि एक महिला आगे पड़ी है, शायद उसका एक्सीडेंट हुआ है। जब वे मौके पर पहुंचे तो रिंग रोड में सांसद के निवास के पास किसी अज्ञात वाहन के चालक ने उसके पैर, हाथ और पेट के एक हिस्से को बुरी तरह से रौंद दिया था। आननफानन में वे उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन चिकित्सा परिसर में लेकर पहुंचे, यहां जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। संभावना किसी भारी वाहन के चालक द्वारा घटनाकारित करने की बनी हुई है। घटना की सूचना स्वजन ने अस्पताल के पुलिस सहायता केंद्र में दी थी, जिस पर पुलिस ने मृतिका के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## बाड़ी से लौटकर आए युवक की तबियत बिगड़ी, हुई मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन, अंबिकापुर।** टमाटर बाड़ी गया युवक घर पहुंचने के करीब 4 घंटे बाद उल्टी करने लगा। तबियत खराब देखकर स्वजन उसे क्षेत्रीय अस्पताल ले गए, दो अस्पतालों से रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे, यहां जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से स्वजन शोकाकुल हैं।

जानकारी के मुताबिक जशपुर जिला के मनोरा का अमन टोप्पो पिता अजय टोप्पो 20 वर्ष, 15 सित बर को दिन में करीब 11 बजे ग्राम पकरी में स्थित टमाटर बाड़ी गया था। शाम को लगभग 4 बजे वह बाड़ी से वापस घर लौट आया था। देर शाम 8.45 बजे वह अचानक उल्टी करना शुरू कर दिया। बेटे को उल्टी करते देखकर स्वामी आत्मानन्द इंग्लिस मीडियम स्कूल में रसोईया का काम करने वाली मां रूकमणी टोप्पो पहुंची, और उससे पूछताछ करने की कोशिश की लेकिन वह बेहोशी की हालत में था, कुछ बोल नहीं पा रहा था। उसके मुंह और शरीर से कीटनाशक का गंध आ रहा था। इसकी जानकारी वह अपने पति अजय टोप्पो को दी और निजी वाहन से मनोरा अस्पताल ले गए। यहां से रेफर करने पर जशपुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, यहां से भी आवश्यक उपचार सुविधा उपलब्ध कराने के बाद चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया था। 16 सित बर को ए बुलेंस से स्वजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां आपातकालीन चिकित्सा परिसर में जांच के बाद चिकित्सक ने अलसुबह 5.25 बजे उसे मृत घोषित कर दिया।

## बाइक से गिरकर घायल हुई वृद्ध महिला की मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन,अंबिकापुर।** जिवतिया का रोटी खाने के बाद पोते के साथ घर आने के लिए निकली वृद्ध महिला मोटरसायकल से गिरकर घायल हो गई। दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम सलका निवासी हसमेन केवट पति बिगन केवट 70 वर्ष, 15 सितम्बर को अपने पोता पिन्टू कुमार को जिवतिया का रोटी खाने के लिए सरजू राम के यहां पुहपुटरा ले चलने के लिए कही थी। पिन्टू अपनी दादी को मोटरसायकल क्रमांक सीजी 10 बी एफ 1263 में बैठाकर पुहपुटरा ले गया था। यहां से रोटी खाने के बाद वापस आते समय सिंगीटाना एनएच 130 में वह मोटरसायकल को घुमा रहा था, इसी दौरान पीछे बैठी हसमेन केवट मोटरसायकल से सड़क पर गिरकर बेहोश हो गई थी। महिला को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन चिकित्सा परिसर में पहुंचे, यहां रात करीब 8.28 बजे जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन के सुपुर्द कर दिया है।

सम्पादकीय

# अपने बयानों से बार-बार फजीहत करवा रहे ट्रंप

दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कब क्या कह दें, कब क्या कर दें, कोई समझ ही नहीं सकता। अपने बेतुके बयानों और फैसलों से अपनी तो फजीहत करा ही रहे हैं, दुनियाभर को भी उलझन में डाले हुए हैं। उनके जो मन में आए, वह करने को स्वतंत्र हैं, लेकिन यदि वे यह समझ रहे हैं कि भारत, रूस, चीन समेत दुनिया के अन्य देश उनकी दादागीरी के आगे झुक जाएंगे तो इसकी संभावना दूर-दूर तक नजर नहीं आ रही है। क्योंकि भारत समेत अनेक देशों ने उन्हें जवाब देना शुरू कर दिया है। उनका अहंकार सिर चढ़कर बोल रहा है। यह भी दिख रहा है कि वे कुंठा से ग्रस्त होकर विवेक खो रहे हैं। दुनिया को भी एक कुंठित-अहंकारी अमेरिकी राष्ट्रपति के अहं को तुष्ट करने के बजाय उसका सामना साहस और संयम से करने के लिए कमर कस लेनी चाहिए। ट्रंप दुनियाभर के देशों को रूस से व्यापार न करने की धमकी दे रहे हैं। इसी कारण भारत पर अमेरिका ने 50 फीसदी टैरिफ लगाया है, लेकिन यूरोपीय संघ का वर्ष 2024 में रूस के साथ 67.5 अरब यूरो का द्विपक्षीय कारोबार था। यह भारत के रूस से कुल कारोबार से ज्यादा रहा है। यूरोप और रूस में अभी भी उर्वरक, खनन उत्पादों, रसायन, लोहा व इस्पात आदि का कारोबार हो रहा है। जहां तक अमेरिका की बात है तो वह अभी भी रूस से यूरेनियम की खरीद कर रहा है। अपने इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के लिए रूस से पैलेडियम खरीद रहा है। ट्रंप इस पर कभी बात नहीं करते। अब उन्होंने एक बार फिर टैरिफ का राग छेड़ा है। ट्रंप ने शनिवार को कहा कि नाटो देश रूस से तेल खरीदना बंद कर दें। साथ ही चीन पर रूस से तेल खरीद के लिए 50 से 100 फीसदी तक टैरिफ लगाया जाए। ऐसा होने पर रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म होने का रास्ता बन सकता है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में नाटो देशों और चीन की बात की लेकिन भारत का नाम नहीं लिया। ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया साइट पर पोस्ट में लिखा, 'नाटो की जीत के लिए प्रतिबद्धता अब तक 100 फीसदी से काफी कम रही है। कुछ देशों की रूसी तेल की खरीद चौंकाने वाली है। इससे रूस के साथ आपकी समझौते की पोजीशन और बार्गेनिंग पावर कमजोर होती है। मैं प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हूं, जब नाटो देश तेल खरीद रोकने के लिए तैयार हों तो बताएं'। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर के अनुसार, 2023 से नाटो सदस्य तुर्की, चीन और भारत के बाद रूसी तेल का तीसरा सबसे बड़ा खरीदार रहा है। रूसी तेल खरीदने में शामिल 32 देशों के गठबंधन के अन्य सदस्यों में हंगरी और स्लोवाकिया भी शामिल हैं। इन देशों की ओर से ट्रंप के बयान पर प्रतिक्रिया नहीं आई है। उन्होंने भारत पर चुप्पी साधते हुए चीन पर भारी टैरिफ 100 फीसदी तक का प्रस्ताव दिया है। ये वही ट्रंप हैं, जो कुछ दिनों पहले तक चीन पर किसी प्रकार का अतिरिक्त टैरिफ लगाने से इनकार कर रहे थे। असल में रूस-युक्रेन युद्ध रुकवाने में अब तक असफलता और टैरिफ लगाने के बाद भारत को न झुका पाने के कारण ट्रंप हताश हो रहे हैं। उन्हें लगता था कि वे धमकी देकर किसी को भी झुका सकते हैं, लेकिन भारत ने उनके दबाव को मानने से साफ इनकार कर दिया। एससीओ समिट ने ट्रंप के जख्म पर नमक डालने का काम किया। जहां भारत, रूस और चीन के मधुर होते संबंधों ने उन्हें तनाव में ला दिया है। वे कभी भारत को निशाने पर ले रहे हैं तो कभी चीन को। अगर ट्रंप युद्ध रुकवाना चाहते हैं तो उन्हें टैरिफ की बजाए कूटनीति पर भरोसा करना होगा। जो न केवल अमेरिका बल्कि पूरी दुनिया के लिए अच्छा होगा।



नवाचार

राव इंद्रजीत सिंह

# डिजिटल क्रांति से आर्थिक बदलाव

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक के मार्गदर्शन में विकसित एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यूपीआई) ने भारतीयों के लेन-देन के तरीके में क्रांति ला दी है। किसी मित्र को पैसे भेजने के एक अनूठे तरीके के रूप में शुरू किया गया यह तरीका शीघ्र ही छोटे व्यवसायों, सब्जी विक्रेताओं और गिग वर्कर्स की जीवनरेखा बन गया। आज, भारत में प्रति माह 17 बिलियन से अधिक यूपीआई के माध्यम से लेनदेन होते हैं। जैसे-जैसे भारत अपने 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, नए आयाम उभर रहे हैं, एआई-सक्षम शासन, विकेन्द्रीकृत वाणिज्य, और बहुभाषी, मोबाइल-प्रथम डिजिटल सेवाएं जो सबसे गरीब व्यक्ति तक पहुंच सकती हैं।

पिछले एक दशक में भारत में एक ऐसी डिजिटल क्रांति आई है जो असाधारण है। जो प्रक्रिया लक्षित प्रौद्योगिकीय अंतःक्षेपों की एक श्रृंखला के रूप में शुरू हुई थी, वह अब एक व्यापक परिवर्तन के रूप में विकसित हो चुकी है, जो भारतीय जीवन के लगभग हर पहलू जैसे अर्थव्यवस्था, शासन, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, वाणिज्य, और देश के कोने-कोने में बसे किसानों और छोटे उद्यमियों के जीवन को भी प्रभावित कर रही है। यह यात्रा आकस्मिक नहीं थी। इसे भारत सरकार द्वारा ठोस नीति निर्धारण, अंतरमंत्रालयी सहयोग और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता के माध्यम से सावधानीपूर्वक प्रबंधित किया गया है। जब संबद्ध मंत्रालयों जैसे इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), वित्त मंत्रालय (एमओएफ), कृषि मंत्रालय, और अन्य मंत्रालयों ने बड़े पैमाने में ज़मीनी स्तर पर परियोजनाओं को पूरा किया तो दूसरी ओर नीति आयोग ने अभिसरण को बढ़ावा देकर, विचारों को नेतृत्व देकर, और स्केलेबल, नागरिक-प्रमुखता वाले नवाचारों की ओर प्रणाली को प्रेरित कर नीति इंजन का काम किया है।

जन धन-आधार-मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी की शुरुआत के साथ इसमें एक महत्वपूर्ण मोड़ आया है। लगभग 55 करोड़ बैंक खातों के खोलने के साथ-साथ, करोड़ों लोगों को, जो पहले वित्तीय प्रणाली की पहुंच से बाहर थे, उन्हें अकस्मात बैंकिंग व्यवस्था और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण तक पहुंच प्राप्त हुई है। ओडिशा के एक छोटे से गांव में पहली बार बिना बिचौलिए की सहायता से एक सिंगल मदर को कल्याणकारी लाभ सीधे उनके खाते में प्राप्त करने में सक्षम बनाया गया। उनकी कहानी भारत भर के करोड़ों लोगों की कहानी बन गई है। यह वृहद वित्तीय समावेशन आंदोलन वित्त मंत्रालय के समर्थन और आधार तथा मोबाइल पैठ की सक्षम सहायता से अगला कदमः एक वित्तीय-प्रौद्योगिकी विस्फोट का आधार बना। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक के मार्गदर्शन में विकसित एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यूपीआई) ने भारतीयों के लेन-देन के तरीके में क्रांति ला दी है। किसी मित्र को पैसे भेजने के एक अनूठे तरीके के रूप में शुरू किया गया यह तरीका शीघ्र ही छोटे व्यवसायों, सब्ज़ी विक्रेताओं और गिग वर्कर्स की जीवनरेखा बन गया। आज, भारत में प्रति माह 17 बिलियन से अधिक यूपीआई के माध्यम से लेनदेन होते हैं, और यहां तक कि सड़क किनारे के विक्रेता वाले भी एक साधारण क्यूआर कोड के ज़रिए डिजिटल भुगतान स्वीकार कर रहे हैं। इसी दौरान, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत भारत के डिजिटल अवसंरचना के मुख्य तंत्र को धीरे-धीरे और निरंतरता से तैयार किया जा रहा है। भारतनेट जैसी परियोजनाओं ने दो लाख से अधिक ग्राम पंचायतों तक ब्रॉडबैंड पहुंचाया है, जबकि इंडिया स्टैक ने कागज़-रहित, उपस्थिति-रहित और नकदी-रहित सेवाओं का ढाँचा तैयार किया। डिजी-लॉकर ने छात्रों को अपने प्रमाणपत्र डिजिटल रूप में रखने और ई-हस्ताक्षर ने महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों के लिए दूरस्थ प्रमाणीकरण प्रदान किया। डिजी-यात्रा एक अग्रणी पहल है जो चेहरे के पहचान की तकनीक का उपयोग करके निर्बाध, कागज़-रहित और संपर्क-रहित हवाई यात्रा को संभव बनाती है।




यह त्वरित चेक-इन, बेहतर यात्री अनुभव और बेहतर हवाई अड्डे की क्षमता में सुधार सुनिश्चित करती है, साथ ही विकेंद्रीकृत पहचान प्रबंधन के माध्यम से डेटा गोपनीयता की सुरक्षा भी करती है। यह भारतीय विमानन के भविष्य की तैयारी और यात्री-अनुकूल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ये मात्र ऐप ही नहीं हैं - ये एक डिजिटल गणराज्य की आधारशिला हैं। डिजिटल गवर्नेंस ने भी गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) के शुभारंभ के साथ बड़ी उछाल लगाई है। सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिए डिज़ाइन किए गए, जेमने 1.6 लाख से अधिक सरकारी क्रेताओं को 22 लाख से अधिक विक्रेताओं से जोड़ा है। राजस्थान के एक छोटे हस्तशिल्प विक्रेता के लिए, इसका अभिप्राय सरकारी संविदाओं तक पहुंच प्रदान करना था जो पहले अकल्पनीय था। कृषि क्षेत्र, जिसे प्रायः परिवर्तन के प्रतिरोधी के रूप में देखा जाता है, ने भी डिजिटल साधनों को अपनाना शुरू कर दिया है। पीएम-किसान जैसे प्लेटफॉर्म ने यह सुनिश्चित किया कि आय सहायता किसानों तक सीधे पहुंचे। ई-नैम ने राज्यों की कृषि मंडियों को जोड़ा, जिससे किसानों को अपनी उपज के बेहतर दाम मिल सके। डिजिटल मृदा स्वास्थ्य कार्ड ने उन्हें यह समझने में मदद की कि उन्हें कौन सी फसलें उगानी चाहिए और अपनी भूमि में कौन से पोषक तत्वों का प्रयोग करना चाहिए। झारखंड के ग्रामीण-क्षेत्रों में, स्थानीय उद्यमियों द्वारा संचालित सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) उनके लिए एक प्रकार से डिजिटल जीवन रेखा बन गए, जो टेली-मेडिसिन से लेकर बैंकिंग और कौशल विकास कार्यक्रमों तक, हर चीज की पेशकश करते हैं। महामारी भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के लिए एक कठिन परीक्षा थी जिसमें हम बखूबी सफल हुए। स्कूल बंद होने के बावजूद, दीक्षा और स्वयं जैसे प्लेटफॉर्मों ने यह सुनिश्चित किया कि पढ़ाई अनवरत चलती रहे। इसके साथ ही, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन ने अपना आकार लिया, जिससे नागरिकों को एक डिजिटल आईडी के माध्यम से अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक पहुंच प्राप्त हुई और अस्पतालों एवं राज्यों में एक सहज वातावरण बन सका।

वाणिज्य में भी एक शांत क्रांति देखी गई। डीपीआईआईटी की एक पहल, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) अब छोटी किराना दुकानों और हथकरघा बुनकरों को बड़ी ई-कामर्स कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बना रही है। डिजिटल कॉमर्स के कार्यों को एकीकृत करके, ओएनडीसी प्रतिस्पर्धा के मैदान को समतल कर रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छोटे व्यवसाय आसानी से लॉजिस्टिक्स, भुगतान और ग्राहक प्रतिक्रिया प्रणालियों तक पहुँच सकें। नीति आयोग की अभिसरण भूमिका-मंत्रालयों, राज्यों, स्टार्टअप्स और उद्योग जगत को एकजुट करना है, जो सुनिश्चित करता है कि डिजिटल सार्वजनिक वस्तुएं अंतर-संचालनीय, समावेशी और स्केलेबल हों। जैसे-जैसे भारत अपने 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, नए आयाम उभर रहे हैं, एआई-सक्षम शासन, विकेन्द्रीकृत वाणिज्य, और बहुभाषी, मोबाइल-प्रथम डिजिटल सेवाएं जो देश के सबसे गरीब व्यक्ति तक पहुंच सकती हैं। लेकिन यह सिर्फ़ एक सरकारी सफलता से जुड़ी कहानी नहीं है। यह एक राष्ट्र की कहानी है, करोड़ों नागरिकों की कहानी है जिन्होंने बदलाव को अपनाया, उद्यमियों की कहानी है जो डिजिटल रेल पर आगे बढ़े, और स्थानीय लीडरों की कहानी है जिन्होंने सेवा वितरण की नई कल्पना की। भारत का डिजिटल दशक सिर्फ़ तकनीक का नहीं है, यह बदलाव का दशक भी है और यह कहानी का अभी प्रारंभिक चरण ही है।

(लेखक केंद्रीय राज्यमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

पर्यावरण

ज्ञानेन्द्र रावत



# दुनियाभर में जंगलों की तबाही का मंडराया खतरा

दुनिया में आज जलवायु परिवर्तन से मुकाबले की दिशा में पेड़ और जंगलों की महत्ता की चर्चा जोरों पर है। इसका अहम कारण जलवायु परिवर्तन के कारण समूची दुनिया में संतुलित और समग्र विकास के लक्ष्य का लगातार भीषण चुनौती बनकर सामने आना है। दुनिया में जिस तेजी से पेड़ों की तादाद कम होती जा रही है, उससे पर्यावरण तो प्रभावित हो ही रहा है, पारिस्थितिकी, जैव विविधता, कृषि और मानवीय जीवन ही नहीं, बल्कि भूमि की दीर्घकालिक स्थिरता पर भी भीषण खतरा पैदा हो गया है। जहां तक जंगलों के खत्म होने की गति का सवाल है,उसे देखते हुए ऐसा लगता है कि वह दिन दूर नहीं जब दुनिया से जंगलों का नामोनिशान तक मिट जायेगा और वह किताबों की वस्तु बनकर रह जायेंगे। हकीकत में हर साल दुनिया में एक करोड़ हेक्टेयर जंगल लुप्त होते जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र भी इसकी पुष्टि करता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दुनिया में कीडे-मकोडे भी 3.5 करोड़ हैक्टेयर जंगल हर साल बर्बाद कर रहे हैं। इससे ऐसा लगता है कि इंसान तो क्या दूसरे जीव भी जीवन के लिए जरूरी पेड़ों-जंगलों के दुश्मन बनते जा रहे हैं। यदि देश की बात करें तो अकेले उत्तराखंड में बीते 8-9 बरसों के दौरान ढाई लाख से ज्यादा पेड़ काट दिये गये हैं। इनमें एक लाख से ज्यादा पेड़ आल वैदर रोड के नाम पर और शेष पर्यटन, देहरादून से लेकर दिल्ली तक सड़क चौडीक़रण, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना व सुरंग आधारित परियोजनाओं आदि के नाम पर देवदार, बांज, राई, कैल जैसी दुर्लभ प्रजातियों के पेड़ों का अस्तित्व ही मिटा दिया गया है। पिछले बीस सालों के दौरान 40,000 हेक्टेयर जंगल आग की समाधि बने हैं जिसमें लाखों पेड़ जलकर राख हो गये हैं। विकास के नाम पर पेड़ों के अंधाधुंध कटान का सिलसिला पूरे देश में जारी है। पहाड़ दुनिया के 85 फीसदी से ज्यादा पक्षियों, स्तनधारियों और उभयचरों के आश्रय स्थल हैं। इस बारे में एशिया, उत्तरी अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका, अफ्रीका और यूरोप का जायजा लें तो पाते हैं कि पहाड़ी जंगलों के खात्मे की दर में एशिया 39.8 मिलियन हैक्टेयर वन नुकसान के मामले में सर्वोपरि है। गौरतलब है कि हर साल जितना जंगल खत्म हो रहा है, वह एक लाख तीन हजार वर्ग किलोमीटर में फैले देश जर्मनी, नार्डिक देश आइसलैंड, डेनमार्क, स्वीडन और फिनलैंड जैसे देशों के क्षेत्रफल के बराबर है। लेकिन सबसे बड़े दुख की बात यह है कि इसके अनुपात में नये जंगल लगाने की गति बेहद धीमी है। लंदन के थिंक टैंक एनर्जी ट्रांसमिशन कमीशन की मानें तो समूची दुनिया में हर मिनट औसतन दस फुटबाल मैदान के बराबर यानी 17.60 एकड़ जंगल काटे जा रहे हैं। बीते 30 सालों में 42 करोड़ हैक्टेयर जंगल को मैदान बना दिया गया है। बढ़ते तापमान, भयावह सूखा, वनों की अंधाधुंध कटाई और जंगलों में आग की बढ़ती घटनाओं के चलते अमेजन के जंगल खतरे के दायरे में हैं। हकीकत में अब अमेजन के लिए 'रेड अलर्ट' का ऐलान करने का समय आ गया है। इसमें जलवायु परिवर्तन के चलते पड़ने वाले सूखा और गर्मी व आग सहित बहुतेरे कारकों की बड़ी भूमिका है। जंगलों के खात्मे में आग भी एक अहम कारक है जिसके चलते दुनिया में हर साल लाखों हैक्टेयर जंगल आग की भेंट चढ़ जाते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार अमेजन वनों का लगभग आधा हिस्सा 2050 तक खत्म हो जाएगा। 1990-2020 के बीच के तीस वर्षों में 42 करोड़ हैक्टेयर जंगलों का खात्मा हुआ है। यदि मैरीलैंड यूनीवर्सिटी और वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट के ग्लोबल वाच की हालिया रिपोर्ट की मानें तो भारत में 2023 के दौरान 21,672 हैक्टेयर जंगल खत्म हो गये। देश में 2022 में 21,839 हैक्टेयर जंगलों का खात्मा हुआ। इसमें भारत देश के पांच राज्यों यथा आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, उत्तराखंड, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश शीर्ष पर हैं जहां देश में आग से सबसे ज्यादा जंगल तबाह हुए हैं और यह सिलसिला आज भी जारी है। जैव विविधता को संरक्षित करने में वन की उपयोगिता जगजाहिर है लेकिन विडम्बना है कि हम उन्हीं के साथ खिलवाड़ कर अपने जीवन के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। बीते तीन दशक इसके सबूत हैं कि उनमें हमने तकरीबन एक अरब वन मानवीय स्वार्थ के चलते खत्म कर दिये हैं। दुख इस बात का है कि जंगल बचाने की लाख कोशिशों के बावजूद दुनिया में वनों की कटाई में और तेजी आई है। मौजूदा दौर की हकीकत यह है कि दुनिया में हर मिनट 21. 1 हैक्टेयर में फैले जंगलों का खात्मा हो रहा है। देखा जाये तो जल, जंगल और जमीन के मुद्दे आपस में गहरे तक जुड़े हुए हैं। प्राकृतिक संसाधनों का उचित प्रबंधन आज की सबसे बड़ी जरूरत है। तभी सामुदायिक प्रयासों को प्रोत्साहित कर धरती को बचाया जा सकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# निंदा का परित्याग



संकलित

दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में निर्वहन के लिए व्यक्ति के सामाजिक गुणों का अत्यंत महत्व है। गुणी व्यक्ति को प्रत्येक जगह सम्मान की प्राप्ति होती है। संसार के प्रत्येक प्राणी में कुछ गुण तो कुछ अवगुण पाए जाते हैं, परंतु कुछ लोग हैं जो दूसरे के अवगुणों को ही देखते हैं। वे किसी भी सकारात्मक पक्ष में नकारात्मकता देखने के अभ्यस्त हो जाते हैं। प्रायः ऐसे लोगों में निंदा की प्रवृत्ति पाई जाती है। वे ऐसा करके खुद को समाज में श्रेष्ठ एवं दूसरे को नीचा साबित करना चाहते हैं। निंदा एक नशे की भांति है, जो एक बार इसका आदी हो गया, वह दिन-प्रतिदिन इसके पाश में जकड़ता चला जाता है। मनीषियों ने निंदा को दुर्व्यसन के समान माना है, जो निंदा करने वाले व्यक्ति को अंदर ही अंदर नैतिक रूप से समाप्त करती रहती है। एक बार एक आचार्य अपने शिष्यों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे। शिक्षा प्राप्ति के दौरान एक शिष्य अन्य शिष्यों की ओर संकेत करते हुए आचार्य से कहने लगा कि 'वे अपना कार्य सही से नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है इन लोगों को कार्य करना ही नहीं आता।' आचार्य बोले, 'तुमको छोड़ अन्य सारे शिष्य सही से कार्य कर रहे हैं।' इस पर शिष्य असहज हो गया। उसने आचार्य से पूछा, 'वह कैसे?' आचार्य बोले, 'क्योंकि वे लोग अपने कार्य में संलग्न हैं, किंतु तुम अपने कार्य पर ध्यान न देकर, दूसरों के कार्य की निंदा करने में अपने समय की बर्बादी कर रहे हो।'

# जब कोई झूठा आरोप लगे तो धैर्य न छोड़ें



संकलित

प्रेरणा

द्वारका में एक सूर्य भक्त था सत्राजित। उसे सूर्य देव ने स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। ये मणि रोज बीस तोला सोना उगलती थी। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में देंगे तो इससे मिले धन से प्रजा की अच्छी देखभाल हो सकेगी। सत्राजित ने श्रीकृष्ण को मणि देने से मना कर दिया। इस घटना के कुछ दिन बाद सत्राजित के भाई प्रसेनजित ने मणि चुरा ली। प्रसेनजित मणि लेकर जंगल में भाग गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। मणि जंगल में ही गिर गई। सत्राजित को जब प्रसेनजित और अपनी मणि नहीं मिली तो उसने श्रीकृष्ण पर आरोप लगा दिया कि कृष्ण ने ही मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण पर चोरी और हत्या का कलंक लग गया। श्रीकृष्ण आरोप को गलत साबित करने के लिए जंगल की ओर चल दिए। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पैरों के निशान दिखे।श्रीकृष्ण समझ गए कि प्रसेनजित को शेर ने मार दिया है और मणि यहीं कहीं गिर गई है। श्रीकृष्ण मणि खोजते हुए एक गुफा में पहुंच गए। गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण ने मणि मांगी तो जामवंत ने नहीं दी। इसके बाद दोनों का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीत गए। इसके बाद जामवंत ने मणि श्रीकृष्ण को दे दी और अपनी पुत्री जामवंती का विवाह भी भगवान के साथ कर दिया। द्वारका लौटकर श्रीकृष्ण ने वह मणि जामवंत से लेकर सत्राजित को दे दी और पूरी सच्चाई बता दी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### साइबर क्राइम के बढ़ते कदम रोकने होंगे

जिस गति से साइबर क्राइम बढ़ रहा है, यह आम आदमी के लिए एक मुसीबत बन गई है और लुटेरों के लिए जैसे मनोरंजन और लॉटरी लगी है। हैरानी इस बात की है कि इस मर्ज की दवा किसी के पास नहीं। किसी को जब चाहें, अपराधी बंधक बना कर सब कुछ लूट लेते हैं और उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। देश में बड़ी संख्या में लोग इस क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर समस्या है और इससे आंख नहीं फेरी जा सकती। जहां डिजिटलाइजेशन के अनेक लाभ हैं, इससे कई गुणा हानियां भी हैं। द्वंद्व यह है कि इसे अपनाएं या नहीं? इस पर सभी को गंभीरता एवं शीघ्रता से समाधान निकालना होगा। आज नहीं तो कल हर कोई इसका शिकार होगा। *- अशोक साहू, कोड़ागांव*

## करंट अफेयर

### टेक्सास में शरिया कानून पर प्रतिबंध की घोषणा



टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने कहा है कि उनके प्रांत ने इस्लामी शरिया कानून के क्रियान्वयन पर प्रतिबंध लगा दिया है और निवासियों से व्यवसायों या व्यक्तियों पर 'शरिया अनुपालन' थोपने के किसी भी प्रयास की सूचना देने का आग्रह किया। एबॉट की यह टिप्पणी ह्यूस्टन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद आई है, जिसमें एक मुस्लिम धर्मगुरु लाउडस्पीकर के माध्यम से दुकानदारों से शराब, सूअर का मांस या लॉटरी टिकट नहीं बेचने का आग्रह करते हुए दिख रहा है। गवर्नर ने इस घटना को उत्पीड़न बताया और कहा कि टेक्सास सार्वजनिक जीवन में धार्मिक आचार संहिता लागू करने के प्रयासों को बर्दाश्त नहीं करेगा। एबॉट ने मंगलवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मैंने टेक्सास में शरिया कानून और शरिया कानूनी प्रक्रिया पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून पर हस्ताक्षर किए हैं। किसी भी व्यवसाय और किसी भी व्यक्ति को ऐसे मूर्खों से डरना नहीं चाहिए।' उन्होंने कहा, 'यदि यह व्यक्ति या कोई भी व्यक्ति शरिया अनुपालन थोपने का प्रयास करता है, तो इसकी सूचना स्थानीय कानून प्रवर्तन या टेक्सास लोक सुरक्षा विभाग को दें।'

## ऑफ बीट

### 'इंटरवल रनिंग' भी सेहत के लिए बेहद उपयोगी



दौड़ना न केवल बीमारियों से बचाव करता है, मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को भी धीमा करता है। इंटरवल रनिंग वास्तव में हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग (एचआईआईटी) का एक हिस्सा है, जिसमें तीव्र गति से दौड़ने के छोटे सत्रों के बाद विश्राम या धीमी गति से दौड़ने का समय शामिल होता है। यह पद्धति पिछले कुछ वर्षों में टबाटा और क्रॉसफिट जैसे वर्कआउट्स के ज़रिये लोकप्रिय हुई है। कैसे काम करता है इंटरवल रनिंग : एचआईआईटी में, उदाहरण के तौर पर, 30 सेकंड तक तेज़ गति से दौड़ने के बाद 30 सेकंड का आराम किया जाता है। यह प्रक्रिया कई बार दोहराई जाती है। इसी सिद्धांत को दौड़ने में शामिल करते हुए, "10-20-30 विधि" अपनाई जा सकती है, जिसमें पहले 30 सेकंड तक चलना या हल्की दौड़, फिर 20 सेकंड तक मध्यम गति की दौड़ और फिर 10 सेकंड की तेज़ स्प्रिंटिंग यानी तेज गति से दौड़ शामिल होती है। फार्टलेक स्वीडिश शब्द है जिसका अर्थ 'स्पीड प्ले' होता है। व्यायाम के लिए यह विधि भी एक आसान तरीका है जिसमें धीमी दौड़ के बीच-बीच में कुछ सेकंड की तेज़ दौड़ शामिल होती है।

## ट्रेंड

### रिपोर्ट कार्ड की राजनीति



पहले राजनीति सिर्फ़ काम न करने, परिवार-केंद्रित हितों, भ्रष्टाचार, जातिवाद और तुष्टिकरण पर केंद्रित होती थी। पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काम, जवाबदेही और रिपोर्ट कार्ड की राजनीति को जन्म दिया है।

- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### ग्लोबल बोर्ड का स्वागत



एचएसबीसी ग्रुप चेयरमैन सर मार्क टकर के नेतृत्व में ग्लोबल बोर्ड का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। बोर्ड से आग्रह किया कि वे विकास और समृद्धि के सह-निर्माण में हमारे साथ साझेदारी करें और भारत को वैश्विक परिवर्तन का केंद्र बनाएँ।

-पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री

### राजभाषा का संवर्धन



हिंदी सिर्फ़ भाषा नहीं, यह हमारी संस्कृति और सभ्यता की पहचान है। आप सभी देशवासियों को 'हिंदी दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएँ। आइये, हम हमारी मातृभाषा और राजभाषा के संवर्धन का संकल्प लें।

- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री

### दिल से खेलिए



टीम इंडिया शोर-शराबे और राजनीति को दिल पर मत लीजिए। आपके सारे फैन और देशवासी मैदान और रणभूमि का फर्क समझते हैं। दबाव लेने नहीं, बनाने मैदान में जाइए ; स्पोर्ट्समैन स्पिरिट के साथ खेलिए, बाकी देश आपके साथ मजबूती से खड़ा है। दिल से खेलिए, दिल भी जीतिए !

-डॉ. रामदास अठावले, राज्यसभा सांसद



### न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

**रा०प्र०क्र०/ 202508021200169./ अ-20(3)/2024-25**

**ईश्तेहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक शुभम तायल आ० विजय तायल उम्र लगभग 30 वर्ष जाति अग्रवाल निवासी बसंत लाल मार्ग अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला बाबूपारा नगर अम्बिकापुर सीट नं. 09, स्थित प्लाट नम्बर 3467/4866/328 रकबा 1250 वर्गफीट भूमि को अनावेदक/क्रेता श्रीमती राधा अग्रवाल पत्नी पिताम्बर अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी प्रतापगढ़ तहसील सीतापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के पास बिक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है ।उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 26/09/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः-12/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

### न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांक : 202509021200056/0

विषयः- अ-20(3)
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
अंबिकापुर प.ह.न. 00015 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार -जगन्नाथ बंसल,
अनावेदक पक्षकार -छ०ग० शासन

**ईश्तहार**

आवेदक जगन्नाथ बंसल आ० श्री कैलाश बंसल निवासी रानी सत्ती मंदिर अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा मोहल्ला बाबूपारा नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-9 स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3467/4866/361 रकबा 1155 वर्गफीट भूमि / मकान को बैंक में बंधक रखने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना लिखित आपित्त स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 08/10/2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 12/09/2025 को जारी किया जाता है।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

### न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ०ग०)

**//ईश्तहार//**

**क्रमांक /वाचक/2025 बैकुण्ठपुर दिनांक //2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम गदबदी को आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक सुन्दर लाल पिता सुरेशराम जाति पंण्डो निवासी गदबदी तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा मंगली निवासी गदबदी का जन्म/मृत्यु दिनांक 06/04/2002 को होने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत उक्त - जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 25/092025 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियो पर कोई सुनवाई नही होगी। आज दिनांक 11-09-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

कार्यपालिक डण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ०ग०)

### न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा (छ०ग०)

**ईश्तहार**

**रा०प्र०क्र०./अ-2/2024-25**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ललीता देवी पत्नी चितरंजनअग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी मायापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम मायापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 182/11 रकबा 0.016 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, रजिस्टी की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 03/10/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा),
अम्बिकापुर

### न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)

**ईश्तहार**

**रा०प्र०क्र०. /अ-2/2024-25**

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनीता साहू पत्नी शैलेश कुमार साहू जाति तेली निवासी मणीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम मणीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 67/7 रकबा 0.020 हे0 में से 0.014 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, सेटलमेन्ट, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 03/09/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा),
अम्बिकापुर

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) / सक्षम प्राधिकारी, सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

**रा.प्र.क्र./अ-2/2024-25**

**-:: ईश्तहार ::-**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-शशिपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री श्यामलाल आ. रंगलाल, जाति तेली, निवासी ग्राम तेलईकछार, तहसील लटोरी, जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम तेलईकछार, प.ह.नं. 05, रा.नि.मं. विश्रामपुर, तहसील लटोरी स्थित भूमि खसरा क्रमांक 138/2 रकबा 0.06 हे. कृषि भूमि को औद्योगिक (फ्लाई एश) प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 24-09-2025 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 10-09-2025 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

विशेष कर्त्तव्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन, सूरजपुर

### न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

**रा०प्र०क्र० 365/ब-121/2024-25**

**ग्राम घोरगडी तहसील राजपुर**

**-:: ईश्तहार::-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामएकबाल साह आ० स्व० रामप्यास साह निवासी ग्राम घोरगडी थाना राजपुर तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा अपने पिता स्व० रामप्यास साह आ० रामरूप की मृत्यु ग्राम घोरगडी में दिनांक 15.03.2018 को हुआ है। किन्तु मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वंश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है। जो न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है। आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेशी तिथि 18/09/2025 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 07/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

### न्यायलय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) भैयाथान, जिला सूरजपुर (छ0ग0)

**-ईश्तहारः-**

रा०प्र०क्र० /अ-2/2024-25

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत खाड़ापारा नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद जिला सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि श्री विजय कुमार सिंह पिता/पति श्री सनोहर सिंह निवासी खाड़ापारा के द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि खसरा नं० 595/1 रकबा 0.14 में से 0.02 हे० जो ग्राम खाड़ापारा प.ह.नं.03 रा०नि०मं० भैयाथान सूरजपुर में स्थित के आवासीय भू-परिवर्तन (डायवर्सन) हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त संबंध में ग्राम पंचायत/नगर पंचायत/नगर पालिका निगम क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 29.09.2025 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 15/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलय की मुद्रा से जारी किया गया है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा०)
भैयाथान जिला-सूरजपुर (छ0ग0)

### न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)

**ईश्तहार**

**रा०प्र०क्र०../अ-2/2024-25**

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुषमा गुप्ता पत्नी संतोष गुप्ता जाति तेली निवासी कांतिप्रकाशपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम कांतिप्रकाशपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 21/11 रकबा 0.040 हे० भूमि को कृषि भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, पंचायत प्रस्ताव, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 03/10/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा),
अम्बिकापुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)

**रा.प्र.क्र.ब/121 वर्ष**

**ग्राम प.ह.न. 10**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्यामलाल पिता सोभनाथ जाति तेली निवासी ग्राम बंजा प.ह.न. 10 रा.नि.मं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र आशीष कुमार साहू का जन्म दिनांक 12-05-2008 को ग्राम बंजा में हुई है, अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नही करा पाया है। आवेदक अपने पुत्र आशीष कुमार साहु का जन्म पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत बंजा को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 26/09/2025 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 11/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
भैयाथान
जिला सूरजपुर (छ०ग०)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) / सक्षम प्राधिकारी, सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

**रा.प्र.क्र./अ-2/2024-25**

**-:: ईश्तहार ::-**

एतद्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम - तेलईकछार को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण चन्द्रिका प्रसाद आ. श्यामलाल व अन्य 02, सभी जाति तेली निवासी ग्राम तेलईकछार, तहसील लटोरी, जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम तेलईकछार, प.ह.नं. 05, रा.नि.मं. विश्रामपुर, तहसील लटोरी स्थित भूमि खसरा क्रमांक 60 रकबा 0.120 हे. कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 24/09/2025 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 10/09/2025 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

विशेष कर्त्तव्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन, सूरजपुर

# भीम सेना की बैठक मुख्यालय परमानपुर में सम्पन्न

छानवें,मिजार्पुर के परमानपुर, गौरा,विकाश खण्ड छानवें के अन्तर्गत भीम सेना चीफ एडवोकेट भीमराव गौतम संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर मुख्यालय भीम सेना की सदस्यता की समीक्षा की गई और कैडर मीटिंग के बारे में भी जानकारी देते हुए बताए कि सभी पदाधिकारी सदस्यता अभियान चलाकर घर घर जाकर अभियान को सफल बनाए साथ ही साथ उनके जनसमस्याओं को भी समाधान कराने का प्रयास करे आगे भीम सेना चीफ ने यह भी बताया कि अगले माह 26 नवम्बर 2025 को संविधान दिवस भी है जिसे विगत वर्ष की भाती इस वर्ष भी बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा और सभी पदाधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी जाती धर्म व विशेष व्यक्ति के खिलाफ न जाते हुए सोशल मीडिया पर अमर्यादित व असंवैधानिक तथ्यों से बचे बैठक में उपस्थित भीम सेना के संरक्षक श्री लालबहादुर शास्त्री व इन्द्र लाल रविदासिया जी ने बताया कि भीम सेना सभी जाती धर्म को एक साथ लेकर चलने का काम कर रही है और इन सभी समुदाय के साथ हो रहे हैं उत्पीड़न के खिलाफ लगातार लड़ाई व जनांदोलन भी कर रही है भीम सेना किसी पूजी पतितो का संगठन नहीं है यह गरीबों का संगठन है जो हमेशा समाज में दबे कुचले की मदत कर रहा है और भीम सेना एक अनुशासित संगठन है जो भी अनुशासन हीनता करते पाए जाएंगे उन्हें कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा वहीं महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष इंदु गौतम जी ने बताया कि भीम सेना एक परिवार है जो सभी को एक परिवार की तरह लेकर चल रहा है, आए दिन महिलाओं के प्रति हो रहे शोषण, अत्याचार व उनकी आत्म सम्मान की लड़ाई लड़ रही है और आगे यह भी बताया कि भीम सेना आज अनुशासित संगठन ही नहीं एक परिवार है जहां पर सभी को संगठन व संगठन के जिम्मेदार पदाधिकारीयो के दिशा निर्देशों का पालन भी करना होगा तथा लल्लन लहरी व कृपा शंकर त्यागी जी ने बताया कि भीम सेना एक सामाजिक संगठन है जो उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ ही साथ अन्य प्रदेशों के लोग जुड़कर सामाजिक कार्य व जनांदोलन कर रहे और सफल भी हो रहे है वहीं हमारी भीम सेना गरीब शोषित वंचित समुदाय को न्याय दिलाने का भी काम निरंतर कर रही है समय समय पर ज्ञापन आदि के माध्यम से शासन प्रशाशन को जनता की समस्या का समाधान भी करा रही है इस अवसर पर लालबहादुर शास्त्र, इंद्रलाल रविदासिया, विजय प्रजापति, रामसागर, छेदीलाल, श्यामकुमार आदि सैकड़ों लोग शामिल थे इस अवसर पर चाका ब्लॉक, प्रयागराज से आईं दर्जनों महिलाओं ने ली भीम सेना की सदस्यता तथा जनपद मीरजापुर/ प्रयागराज के जिलाध्यक्षों द्वारा मात्र एक हफ्ते में 2000 भीम सेना सदस्य बनाए जाने पर उन्हें सम्मानित भी किया गया

# माँ आदिशक्ति जगदम्बा ही इस समूचे ब्रह्माण्ड की रचयिता हैं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज राजेश तिवारी

प्रयागराज ।माँ आदिशक्ति जगदम्बा ही इस समूचे ब्रह्माण्ड की रचयिता है यह अभिव्यक्ति स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज मेजा प्रयागराज के ग्राम पंचायत बकचून्दा निवासी राजेश तिवारी ने अपने प्रियजनों के बीच करछना बाजार के समीप में स्थित माँ आदिशक्ति कालिका के मंदिर में कही ।स्पष्ट कराते चले कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज अपने प्रियजनों के साथ एक विशिष्ट कार्य से इधर कि से गुजर रहे थे और माँ आदिशक्ति कालिका का मन्दिर देख उनके दर्शन हेतु मन्दिर प्रांगण में आ पहुँचे ।आपसी साहित्यिक परिचर्चा के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज श्री तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मां आदिशक्ति जगदम्बा ही इस समूचे ब्रह्माण्ड की रचयिता है क्योंकि सारी सृष्टि की प्रतिपालिका माँ जगत जननी जगदम्बा ही हैं ।जब जब इस सृष्टि पर आसुरी शक्तियों द्वारा सृष्टि के संचालन में बाधा उत्पन्न की जाती है तब तब माँ भगवती जगत जननी जगदम्बा अनन्त रुप धारण करके असुरों का विनाश कर इस सृष्टि की रक्षा करती हैं ।यहाँ तक कि जब देवों और देवताओं पर भी आसुरी शक्तियों द्वारा विघ्न उत्पन्न कर उन्हें पराजित करने की कोशिश की जाती है और देवों एवं देवताओं द्वारा माँ भगवती आदिशक्ति की पूजा कर अपने रक्षा हेतु आह्वान किया जाता है ।तब माँ आदिशक्ति जगदम्बा विभिन्न रुप धारण कर प्रकट हो देवों एवं देवताओं की रक्षा कर असुरों का सर्वनाश करती हैं ।इससे पूर्णतः स्पष्ट है कि माँ आदिशक्ति जगदम्बा ही इस समूचे ब्रह्माण्ड की रचयिता एवं प्रतिपालिका भी हैं ।स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज श्री तिवारी ने आगे अपने व्यक्तव्य में यह भी कहा कि माँ आदिशक्ति सदैव अपने भक्तों की रक्षा में तत्पर रहती हैं, बुरे साया की आँच आ नही सकती भक्त पर माँ आदिशक्ति तटस्थ खड़ी रहती हैं ।इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी पं० शेषमणि शुक्ला ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज श्री तिवारी द्वारा माँ भगवती आदिशक्ति जगदम्बा के महिमा का वर्णन बहुत ही सुन्दर एवं अकाट्य सत्यमयता की वाणी में प्रस्तुत किया गया है ।वास्तव में माँ आदिशक्ति जगदम्बा ही इस समूचे ब्रह्माण्ड की रचयिता हैं ।इस साहित्यिक एवं आध्यात्मिक परिचर्चा में माँ आदिशक्ति जगदम्बा के महिमा का वर्णन करते समय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज श्री तिवारी के साथ वरिष्ठ समाजसेवी पं० शेषमणि शुक्ला, हिन्दू महासभा महामंत्री राकेश तिवारी, आचार्य प्रकाशानन्द महराज, शिक्षाविद कमलेश पाण्डेय, शिक्षाविद जोखू लाल पटेल एवं बोरिंग टेक्नीशियन करछना अनिल कुमार सिंह सहित आस पास माँ आदिशक्ति जगदम्बा के बहुत से भक्तगण मौजूद रहे।

### न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202509021200051/0

विषयः- अ-20(3)
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन-2024-2025
अंबिकापुर प.ह.न. 00015 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- श्रीमती गुंजन सिंह,
अनावेदक पक्षकार -प्रीत पाल सिंह,

**ईश्तहार**

आवेदिका श्रीमती गुंजन सिंह पत्नी स्व० माधवेन्द्र सिंह, ना०बा० अनंत एश्वर्य सिंह आ०स्व० माधवेन्द्र पालक व वली माता अपने ना०बा० पुत्र अनंत एश्वर्य सिंह की ओर से श्रीमती गुंजन सिंह पत्नी स्व० माधवेन्द्र सिंह निवासी जेल रोड बाबूपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने मोहल्ला बाबूपारा नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-9 स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3533/29 रकबा 0.01 एकड भूमि व मकान अनावेदक क्रेता प्रीत पात सिंह आ० सरदार बलवीर सिंह जाति सिक्ख निवासी चर्च रोड गुदरी चौक अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ०ग० के पास बिक्रय करने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना लिखित आपित्त स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 08/10/2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/09/2025 को जारी किया जाता है।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

### न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)

**ईश्तहार**

**रा०प्र०क्र०..../अ-2/2024-25**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक निशांत गुप्ता पिता द्वारिका प्रसाद जाति केशरवानी निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 2165/47, 2165/48 रकबा 0.006, 0.006 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, सेटलमेन्ट, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 03/10/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा),
अम्बिकापुर

### न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)

**ईश्तहार**

**रा०प्र०क्र/अ-2/2024-25**

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हर्षिराम राजवाड़े, शिवनाथ राम राजवाड़े पिता पण्डरा जाति पण्डरा निवासी नवागढ़ तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम नवागढ़ तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 94/1 रकबा 0.064 हे0 में से 0.010 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय / व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, सेटलमेन्ट की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है. जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 03/10/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा),
अम्बिकापुर

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

**क्रमांक एफ- 226 / खाद्य-पीडीएस/31/2025**

सूरजपुर, दिनांक 04/09/2025

**:: ईश्तहार ::**

इस सार्वजनिक ईश्तहार के माध्यम से आमजनों / सहकारी समितियों / वृहदाकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समिति (लेम्पस) / प्राथमिक कृषि साख समिति / वन सुरक्षा समिति / महिला स्वयं सहायता समूह / ग्राम पंचायत / अन्य उपभोक्ता सहकारी समिति तथा स्थानीय नगरीय निकाय को सूचित किया जाता है कि शासकीय उचित मूल्य दूकान ग्राम पंचायत पार्वतीपुर आई.डी. 392009072 का नवीन आबंटन किया जाना है। अतः शा.उ.मूल्य दुकान संचालन करने के इच्छुक पात्र संस्था अपना आवेदन दिनांक 19/09/2025 तक कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे में इस कार्यालय में उपस्थित होकर निर्धारित प्रारूप में संस्था के प्रस्ताव सहित अन्य स्वप्रमाणित दस्तावेजो के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 04/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा०)
सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ०ग०)

**रा०प्र०क० // अ-2/2024-25**

**-:: ईश्तहार::-**

एतद द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम कौशलपुर को सूचित किया जाता है। आवेदिका ललिता साहू पति रामप्रकाश साहू जाति तेली निवासी ग्राम कौशलपुर तहसील रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ०ग०) के द्वारा ग्राम कौशलपुर तहसील रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ०ग०) मे स्थित भूमि खसरा नम्बर 1112/4 रकबा 0.03 हे. भूमि कृषि भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपर्वतन किये जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, बी-1, खसरा, नक्शा, सरगुजा सेटलमेंट रजिस्ट्री की छायाप्रति व रिनबरिंग सूची की छायाप्रति, ग्राम पंचायत अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 13-10-2025 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 12-09-2025 को न्यायलयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा०)
रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ०ग०)

### न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ०ग०)

**रा०प्र०क्र०-/ब-121/2024-25**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णानंद सिंह आ०स्व० आर०बी० सिंह निवासी केदारपुर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नंबर 151/325 रकबा 0.020 हे० भूमि को अनावेदक आशुतोष खत्री आ०स्व० मदनलाल खत्री निवासी रामनिवास नगर नमनाकला अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के पास अंकन राषि रुपए 14,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एंव प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 13.10.2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई किया जायेंगा। आज दिनांकः- 15/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

### न्यायालय नायब तहसीलदार, अम्बिकापुर-02 जिला सरगुजा (छ०ग०)

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश कुमार तिवारी आ० स्व० ललन तिवारी, निवासी महावीरपारा, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ०ग०) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम असोला स्थित व्यपवर्तित भूमि खसरा नंबर 400/2 रकबा 0.040 हे0 में से 05 डिसमिल भूमि मकान निर्माण हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक गोविन्द उपाध्याय आ० प्रेमनारायण उपाध्याय, निवासी ग्राम उपाध्याय सागर, थाना रामगढ़, जिला-कैमूर (बिहार) को रू0 12,00,000/- (बारह लाख रुपए) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 26/09/2025 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 01/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार,
अम्बिकापुर-02

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ०ग०)

**रा०प्र०क्र०//अ-2/2024-25**

**-:: ईश्तहार::-**

एतद द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम कौशलपुर को सूचित किया जाता है। आवेदिका ललिता साहू पति रामप्रकाश साहू जाति तेली निवासी ग्राम कौशलपुर तहसील रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ०ग०) के द्वारा ग्राम कौशलपुर तहसील रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ०ग०) मे स्थित भूमि खसरा नम्बर 528/2 रकबा 2.00 हे. भूमि कृषि भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपर्वतन किये जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, बी-1, खसरा, नक्शा, सरगुजा सेटलमेंट रजिस्ट्री की छायाप्रति व रिनबरिंग सूची की छायाप्रति, ग्राम पंचायत अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 13-10-2025 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 12-09-2025 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा०)
रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ०ग०)



# ओ रोमियो का सामने आया फर्स्ट लुक

**मुंबई।** शाहिद कपूर जल्द ही निर्देशक विशाल भारद्वाज की आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' में नजर आएंगे। इस फिल्म का पहला लुक खुद शाहिद ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया और साथ ही इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। शाहिद कपूर ने रविवार को इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर साझा किया, जिसमें शाहिद काउबॉय हैट पहने हुए हैं और अपना चेहरा छिपाते नजर आ रहे हैं। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसमें नाना पाटेकर भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। इस फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने किया है। फिल्म 'ओ' रोमियो' 14 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

लाइफStyle

# कृति
## उड़ती चिड़िया का टैटू गुदवाया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच कृति ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर अपने पहले टैटू की कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं। कृति के इस पोस्ट पर रश्मिका मंदाना ने अपना रिएक्शन शेयर दिया है।

कृति सेनन ने आज इंस्टाग्राम पर अपने पहले टैटू की तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही बताया कि वह यह काम कभी नहीं करने वाली थीं, लेकिन उन्होंने अपने बाएं पैर में एक उड़ती हुई चिड़िया का टैटू गुदवाया लिया है। इन सभी शानदार तस्वीरों को कृति ने इंस्टाग्राम पर शेयर कर अपने फैंस को खुश कर दिया है। कृति ने लिखा, 'कभी नहीं सोचा था कि मैं ऐसा करूंगी, लेकिन कभी नहीं कहना। बस अभी-अभी टैटू बनवाया है। एक वादा पूरा हुआ। एक अनुस्मारक कि मैं ऊंची उड़ान भर सकती हूं.. सूर्योदय तक।' कृति की इस पोस्ट पर रश्मिका मंदाना ने लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। 'आगे कृति सेनन ने लिखा, 'उन सभी के लिए जिनकी आंखों में सपने हैं...वह छलांग लगाओ जिससे आप डरते हैं..यह आसान नहीं हो सकता है, लेकिन आपको अपने पंख मिल जाएंगे, आपको अपने लिए मिल जाएगी, आप उड़ना सीख जाएंगे।' आगे कृति ने टैटू मेकर को धन्यवाद भी लिखा। कृति सेनन जल्द ही फिल्म 'तेरे इश्क में' (Tere Ishq Mein) नजर आएंगी। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल. राय ने किया है। इस फिल्म में दक्षिण सुपरस्टार धनुष और बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन पहली बार एक साथ नजर आएंगे।



हॉलीवुड मसाला



# न्यूयॉर्क फैशन वीक... में लिया हिस्सा

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा एक बार फिर चर्चा में हैं। वजह है उनका देसी अंदाज, जिसे वो न्यूयॉर्क फैशन वीक में नहीं भूलीं। उन्होंने सभी को 'नमस्ते' कहकर अभिवादन किया। ये वीडियो खूब वायरल हो रहा है। फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। उनके साथ निक जोनस भी थे। प्रियंका चोपड़ा और उनके पति निक जोनस ने ना सिर्फ न्यूयॉर्क फैशन वीक इवेंट में हिस्सा लिया, बल्कि कपल गोल्स भी सेट किए। दोनों इवेंट में हर तरफ छा गए। प्रियंका ने यहां भी अपना 'देसीपन' नहीं छोड़ा।



# मनी हाइस्ट से पॉपुलर हुआ बेला चाओ सॉन्ग

**लॉस एंजिल्स।** चार्ली किर्क की हत्या के मामले में अन्य गोली भी मिली, जो इस्तेमाल नहीं हुई, इस पर ही सॉन्ग 'बेला चाओ' लिखा था, यह इटेलियन सॉन्ग विरोध करने के लिए इस्तेमाल होता है। दमन करने वालों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए कई वर्षों से इस गाने का इस्तेमाल किया जा रहा है। बताते चलें कि 'बेला चाओ' 19वीं सदी का पॉपुलर इटेलियन सॉन्ग है। साल 2017 में सीरीज 'मनी हाइस्ट' में भी इस गाने को इस्तेमाल किया गया है। एक बैंक से रुपए चोरी करने की कहानी इसमें दिखाई गई थी। लेकिन, इस पैसे का इस्तेमाल चोर, अच्छे कामों के लिए करते हैं। मनी हाइस्ट के अलावा गाना बेला चाओ एक वीडियो गेम फर्स्ट पर्सन शूटर गेम फॉर क्राई 6' में भी सुनने को मिला था। 19वीं सदी में इटली में मजूदरों ने यह गीत सत्ता के विरोध में गाया था।



# लव सोनिया ने की बदलाव की शुरुआत

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने सोशल मीडिया हैंडल पर 2018 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'लव सोनिया' के सात साल पूरे होने का जश्न मनाया। मृणाल ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों के साथ मृणाल ने एक खास नोट भी लिखा है। मृणाल ठाकुर ने फिल्म के बारे में लिखा, ' फिल्म 'लव सोनिया' सिर्फ एक फिल्म नहीं थी। इसने बदलाव की शुरुआत की, एनजीओ को प्रेरित किया और जिंदगियां बचाईं। आज भी लोग इसे देखकर मेरी मदद के लिए आगे आते हैं और मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं। सोनिया ने मुझे हिम्मत, आवाज और सिनेमा में एक परिवार दिया। इस सफर को संभव बनाने वाले सभी लोगों का धन्यवाद। मैं ऐसी और कहानियां सुनाने की कोशिश करती रहूंगी, जो प्रेरित करें और बदलाव लाएं।'



# तू मेरी मैं तेरा में कार्तिक अनन्या की जोड़ी

**मुंबई।** इस साल का आखिरी दिन मूवी लवर्स के लिए खास रहने वाला है। वजह है कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की मच अवेटेड फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा...', जिसकी रिलीज डेट अब प्रीपोन हो गई है। जहां पहले फिल्म 13 फरवरी 2026 यानी वेलेंटाइन डे पर आने वाली थी, लेकिन अब मेकर्स ने इसे 31 दिसंबर को रिलीज करने का फैसला किया है। यानी इस फिल्म को नए साल के मौके पर रिलीज किया जाएगा। । कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की जोड़ी इससे पहले फिल्म 'पति पत्नी और वो' में नजर आई थी। उस वक्त भी दर्शकों ने इस फ्रेश पेयरिंग को खूब पसंद किया था। अब यह दोनों फिर से एक साथ स्क्रीन शेयर करने जा रहे हैं। कार्तिक और अनन्या ने फैंस के साथ पोस्ट शेयर करते हुए इस बात की जानकारी दी।

टीवी मसाला



# द ग्रेट इंडियन कपिल शो : सीजन के आखिरी एपिसोड में आएगा ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होने वाला 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' अपने इस सीजन के अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। कॉमेडी किंग कपिल शर्मा होस्टेड इस टॉक शो के पिछले दो सीजन में 13-13 एपिसोड रहे थे, लेकिन तीसरे सीजन में मेकर्स ने 14 एपिसोड रखे हैं और आखिरी एपिसोड अगले शनिवार को नेटफ्लिक्स पर रात 8 बजे प्रसारित किया जाएगा। आखिरी एपिसोड में बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार बतौर मेहमान नजर आएंगे और सामने जज की कुर्सी पर विराजमान होंगे नवजोत सिंह सिद्धू। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के आखिरी एपिसोड में जमकर मौज-मस्ती होने वाली है और मेकर्स एक बड़ा ट्विस्ट लेकर आने वाले हैं जो इस सीजन को बाय-बाय कहना और भी मुश्किल बना देगा। अक्षय कुमार अपनी फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' को प्रमोट करने के लिए शो पर पहुंचेंगे। कपिल और अक्षय की जोड़ी काफी फनी है और हर बार की तरह इस सीजन में भी अक्षय कुमार जब स्टेज पर होंगे तो वही होस्ट की पोजिशन संभालेंगे। इतना ही नहीं सीजन के आखिरी एपिसोड में होस्ट अक्षय होंगे और मेहमान सभी कॉमेडियन्स। यानि अक्षय कुमार कृष्णा अभिषेक, किकू शारदा और सुनील ग्रोवर के साथ कई सारे गेम्स खेलेंगे और खूब सारे सवाल भी पूछेंगे। कॉमेडियन्स के लिए जहां यह थोड़ा मुश्किल होने वाला है, वहीं दर्शकों को लिए इस एपिसोड में ढेर सारा फन होगा।

## अभिषेक-शहबाज में हुआ झगड़ा, हाथापाई तक पहुंची बात

**नई दिल्ली।** रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 19 में बीती रात दो खिलाड़ियों ने गुस्से में हद पार कर दी। अभिषेक बजाज और शहबाज बदेशा के बीच हाथापाई हो गई। शो के इस सीजन का यह अभी तक का सबसे बड़ा झगड़ा है जिस पर माना जा रहा है कि बिग बॉस कुछ सख्त एक्शन लेंगे। किचन में अमाल मलिक और कुनिका के बीच बहस से शुरू हुआ यह मुद्दा देखते ही देखते इतना तूल पकड़ गया कि इसमें अभिषेक और शहबाज भी शामिल हो गए और फिर बात हाथापाई तक पहुंच गई। अभिषेक बजाज और अमाल मलिक बीती रात कुनिका के साथ बहस कर रहे थे, जिसमें सीनियर एक्ट्रेस ने कहा- रिस्पेक्ट मत करो अगर दिल में ना हो। इस पर अभिषेक ने जवाब दिया कि रिस्पेक्ट कमानी होती है। जहां अमाल मलिक को अभिषेक बजाज सपोर्ट कर रहे थे, वहीं कुनिका का बचाव करने के लिए शहबाज बदेशा आगे आ गए। शहबाज ने कहा कि दिन में तुम हलवा मांगते हो उनसे खाने को और अब ऐसी बातें।



# बॉक्स ऑफिस पर टकराएंगे अक्षय और परेश 19 सितंबर को इन तीन फिल्मों का होगा क्लैश

**मुंबई।** 19 सिंतबर को बॉक्स ऑफिस पर तीन बॉलीवुड फिल्मों का क्लैश देखने को मिलेगा। इन फिल्मों में अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3, परेश रावल की फिल्म अजय द अनटोल्ड स्टोरी और अनुराग कश्यप की फिल्म निशानची का नाम शामिल है। इस बॉक्स ऑफिस क्लैश को लेकर परेश रावल ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सब अपने ही लोग हैं।

***क्लैश को लेकर क्या बोले परेश रावल :*** परेश रावल ने क्लैश को लेकर बात करते हुए कहा, 'सब हमारे ही लोग हैं, सबकी पिक्चर चले।' परेश रावल की बात करें तो वो अक्षय कुमार के साथ कई फिल्मों में काम कर चुके हैं। वो हेरा फेरी 3 में भी अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी के साथ नजर आएंगे। वहीं, परेश रावल अनुराग कश्यप द्वारा डायरेक्ट की गई फिल्म नो स्मोकिंग में भी अहम किरदार निभा चुके हैं।

***अजय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ अ योगी :*** परेश रावल की फिल्म अजय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ अ योगी की बात करें तो ये फिल्म रविंद्र गौतम ने डायरेक्ट की है। यह फिल्म उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के जीवन पर आधारित होगी। फिल्म में परेश रावल महंत अवैद्यनाथ का किरदार निभाएंगे।

***जॉली एलअलबी 3 :*** जॉली एलएलबी 3 की बात करें तो इस फिल्म में अक्षय कुमार, अरशद वारसी और सौरभ शुक्ला अहम किरदार में नजर आएंगे। फिल्म को सुभाष कपूर ने डायरेक्ट किया है।

***निशानची :*** निशानची की बात करें तो ये फिल्म अनुराग कश्यप में डायरेक्ट की है। यह फिल्म दो जुड़वा भाइयों की कहानी होगी। फिल्म में ऐश्वर्य ठाकरे डबल रोल में नजर आएंगे। ये फिल्म ऐश्वर्य की डेब्यू फिल्म होगी।




# 15 साल के जोनस कोनर की गायकी के कायल हुए सलमान

*मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' से तो चर्चा में हैं ही। हाल ही में वो अपनी सोशल मीडिया पोस्ट से नेटिजंस का ध्यान खींच रहे हैं। इस पोस्ट में उन्होंने 15 साल के गायक जोनस कोनर को एक खूबसूरत अंदाज में बधाई दी है। साथ ही उन्होंने जोनस के कुछ गानों का भी जिक्र किया और उन्हें लोगों से प्रोस्ताहित करने के लिए कहा है। सलमान ने रविवार को अपने एक्स हैंडल पर जोनस कोनर की तस्वीर साझा की है। इस पोस्ट में उन्होंने जोनस के तीन गानों का भी जिक्र किया है। अभिनेता ने ट्वीट में लिखा, 'मैंने कभी किसी 15 साल के बच्चे को अपने दर्द को इतनी खूबसूरत तरीके से बयां करते नहीं देखा। भगवान तुम्हारा भला करे जोनस कोनर। बार-बार सुन रहा हूं, फादर इन ए बाइबल, पीस विथ पेन, ओह अप्पालाचिया। आगे उन्होंने कहा,ऐसे बच्चों को ना सपोर्ट किया तो फिर क्या किया। भाइयों और बहनो ये अंग्रेजी में हैं, यहां पर भी ऐसे बहुत हैं। उन्हें प्रोत्साहित करो शोषण नहीं। सलमान खान बैटल ऑफ गलवां फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। आपको बताते चलें कि यह फिल्म साल 2020 में भारत-चीन सरहद पर हुई झड़प पर आधारित होगी। इस झड़प में भारत के 20 सिपाही शहीद हो गए थे।*



## कई यादगार फिल्में दीं और मल्टी-स्टारर फिल्मों का शुरू किया नया दौर

# नागिन से लेकर हॉरर फिल्मों के लिए मशहूर रहे राजकुमार कोहली

*नई दिल्ली। राजकुमार कोहली हिंदी सिनेमा के मशहूर निर्माता-निर्देशक थे, जिन्होंने 1970 और 80 के दशक में कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। उनकी फिल्में जैसे नागिन, जानी दुश्मन, बदले की आग और नौकर बीवी का ने उन्हें बहुत प्रसिद्धि दिलाई। राजकुमार कोहली ने हिंदी सिनेमा को कई यादगार फिल्में दीं और मल्टी-स्टारर और हॉरर फिल्मों का नया दौर शुरू किया। सेट पर उनके किस्से उनकी मेहनत और जुनून को दर्शाते हैं। वे बॉलीवुड के एक ऐसे सितारे थे, जिनकी चमक आज भी फिल्म प्रेमियों के दिलों में बरकरार है।*



### पंजाबी अभिनेत्री निशि से शादी की

राजकुमार कोहली का जन्म लाहौर (अब पाकिस्तान) में हुआ था। उनके पिता भी फिल्म निर्माता थे, जिससे उन्हें बचपन से ही फिल्मों का शौक था। उन्होंने पंजाबी अभिनेत्री निशि से शादी की। निशि के साथ उनकी मुलाकात 1963 में फिल्म 'पिंड दी कुड़ी' के सेट पर हुई थी, जहां दोनों का प्यार परवान चढ़ा। उनके दो बेटे हैं - अरमान कोहली, जो एक अभिनेता हैं और रियलिटी शो बिग बॉस में नजर आए, और रजनीश कोहली।

### निशि के साथ रोमांस

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म 'पिंड दी कुड़ी' के सेट पर राजकुमार और निशि की लव स्टोरी शुरू हुई। सेट पर निशि की सादगी और मेहनत ने राजकुमार को प्रभावित किया। दोनों की जोड़ी सेट पर चर्चा का विषय बन गई थी। राजकुमार कोहली सेट पर बहुत अनुशासित थे, लेकिन अपने कलाकारों और क्रू के साथ दोस्ताना व्यवहार रखते थे। अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने एक बार कहा था कि कोहली सेट पर सख्ती से काम करवाते थे, लेकिन शूटिंग के बाद सबके साथ चाय पीते और मजेदार कहानियां सुनाते थे।

### निर्देशन में बनी फिल्में

राजकुमार कोहली एक मशहूर भारतीय फिल्म निर्देशक और निर्माता थे, जिन्होंने बॉलीवुड को कई यादगार फिल्में दीं। उन्होंने 1960 के दशक से फिल्म निर्माण शुरू किया और मल्टी-स्टारर और हॉरर फिल्मों के लिए जाने गए। उनकी कुछ प्रमुख फिल्में हैं। इस लिस्ट में दुल्ला भट्टी, लुटेरा, नागिन, जानी दुश्मन, बदले की आग, नौकर बीवी का, राज तिलक, बीस साल बाद और उनकी आखिरी फिल्म जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी शामिल है।

***निधन :*** *राजकुमार कोहली का 93 साल की उम्र में निधन हो गया था। 24 नवंबर 2023 को दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हुआ था। राजकुमार कोहली की प्रेयर मीट में कई बॉलीवुड स्टार्स शामिल हुए थे।*

### सपनी से की कॅरियर की शुरुआत

राजकुमार कोहली ने अपने कॅरियर की शुरुआत 1963 में फिल्म 'सपनी' से की थी। उनकी पहली बड़ी सफलता 1966 में दुल्ला भट्टी और 1970 में लुटेरा से मिली। लेकिन, असली पहचान उन्हें 1976 में फिल्म 'नागिन' से मिली, जो उस समय की सुपरहिट फिल्म थी। उन्होंने बॉलीवुड में मल्टी-स्टारर और हॉरर फिल्मों का चलन शुरू किया। उनकी फिल्मों में सुनील दत्त, धर्मेंद्र, जीतेंद्र, शत्रुघ्न सिन्हा, रीना रॉय और रेखा जैसे बड़े सितारे शामिल थे। उनकी आखिरी फिल्म 2002 में 'जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी' थी, जिसमें अक्षय कुमार, अरमान कोहली और सुनील शेट्टी जैसे सितारे थे।

### नागिन फिल्म का जादू

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नागिन की शूटिंग के दौरान सांपों को लेकर सेट पर काफी डर का माहौल था। अभिनेत्री रीना रॉय ने एक इंटरव्यू में बताया था कि असली सांपों के साथ शूट करना आसान नहीं था, लेकिन राजकुमार कोहली ने सबको हिम्मत दी और सीन को बेहद खास बनाया। उनकी हॉरर फिल्मों में तकनीक का कमाल और कहानी का रोमांच दर्शकों को खूब पसंद आया।

### मल्टी-स्टारर का मैनेजमेंट

राजकुमार कोहली मल्टी-स्टारर फिल्में बनाने में माहिर थे। सेट पर कई बड़े सितारों को एक साथ संभालना आसान नहीं होता था, लेकिन वे अपनी हंसी-मजाक और दोस्ताना व्यवहार से माहौल को हल्का रखते थे।

# केवाईसी करने में लापरवाही पर 62 दुकान संचालकों को दिया गया नोटिस

## एसडीएम ने ली उचित मूल्य दुकान संचालकों की बैठक

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** मंगलवार को यहां जनपद सभाकक्ष एसडीएम द्वारा अनुविभाग के उचित मूल्य दुकान संचालकों की बैठक ली गई। जिसमे दुकान संचालकों को सभी दुकानों से शत प्रतिशत धान भरने योग्य खाली बारदानों को धान खरीदी हेतु मार्कफेड के परिवहनकर्ता के माध्यम से जमा कराने के लिए निर्देशित किया गया। अनुविभाग में माह मई से अगस्त तक 60 प्रतिशत से कम बारदाना जमा करने वाले 62 दुकान संचालकों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। शासन के निर्देशानुसार राशन कार्ड में 05 वर्ष से अधिक उम्र के सभी सदस्यों का ई-केवाईसी पूर्ण करने के लिए कार्य योजना बनाने के लिए निर्देश दिये। इस दौरान केवाईसी करने के लिए हितग्राहियों को पहले मुनादी कर सुचना करने, लंबित सदस्यों की सूची दुकान भवन पर चस्पा करने के साथ ही स्थानीय सरपंच, वार्ड पार्षदों को सूची प्रदाय कर केवाईसी कराने के लिए लोगो को प्रेरित करने का अनुरोध करें। ग्राम से बाहर निवासरत सदस्यों की केवायसी के लिए गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध 'मेरा केवायसी' एप्प के माध्यम से कराया जा सकता है। वर्तमान में नगर पालिका सूरजपुर में 3855 सदस्य नगर पंचायत बिश्रामपुर में 1549, नगर पंचायत शिवनंदनपुर के 923 तथा जनपद पंचायत सूरजपुर अंतर्गत 23630 हितग्राहियों का केवाईसी किया जाना शेष है। दुकान संचालकों को निर्देशित किया गया कि राशन वितरण के पूर्व ही समस्त राशन कार्डधारकों का ई केवायसी पूर्ण किया जावे। केवाईसी करने में लापरवाही बरतने वाले 62 दुकान संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 25 सितम्बर तक केवायसी पूर्ण करने के निर्देश दिये गये हैं। सभी दुकान संचालकों को मृत राशनकार्डधारी का नाम तत्काल राशन कार्ड से हटाने के लिए जानकारी सम्बंधित जनपदों एवं नगरीय निकाय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। खाद्य निरीक्षक द्वारा उक्त कार्य के लिए जनपद एवं नगरीय निकायों से समन्वय स्थापित करें। इसके साथ ही सभी दुकान संचालकों को नियमित समय पर डी.ओ. राशि जमा करने के साथ ही नियमानुसार राशन वितरण करने पर विशेष जोर दिया गया। हाल ही में उचित मूल्य दुकानों में बढ़ती चोरी की घटनाओं के सम्बन्ध में भी दुकान संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे ग्रामीणों को आग्रह करें कि किसी भी बाहरी व्यक्ति अथवा मालवाहक वाहन संदिग्ध रूप से घूमते दिखने पर सुचना तत्काल जनप्रतिनिधियों एवं समीपस्थ पुलिस थाना में देने को कहा गया है ताकि समय रहते आवश्यक कार्यवाही किया जा सके।



# कर्मचारियों के आभाव में बदहाल हुई देवनगर प्रा.स्वा.केंद्र की व्यवस्था

## 0 रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग, बीडीसी ने कलेक्टर को सौपा ज्ञापन 0 उग्र आंदोलन की चेतावनी

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** देवनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की बदहाल व्यवस्था पर चिंता जाहिर करते हुए जनपद सदस्य ने रिक्त पदों पर कर्मचारियो की नियुक्ति किये जाने की मांग का ज्ञापन कलेक्टर को सौपा है। रामानुजनगर ब्लॉक के जनपद सदस्य मीना अशोक यादव ने कलेक्टर को सौपे ज्ञापन में बताया है कि कर्मचारियों की कमी के कारण देवनगर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की हालत बाद से बदतर हो गई है। उक्त केन्द्र के अन्तर्गत करीब 20 से 22 ग्राम पंचायत आता हैं। क्षेत्र की ज्यादातर जनसंख्या आदिवासी समुदाय की है। आस पास के लगभग सभी ग्राम पंचायतों के लोग छोटी-बड़ी बीमारियों को लेकर उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर ही निर्भर है। जिसके कारण चिकित्सालय में काफी भीड़ रहती है। चिकित्सालय राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक द्वारा सर्टिफाईड है। वर्तमान में मौसमी बीमारी सर्दी, बुखार, खाँसी आदि का समय है। अस्पताल के ज्यादातर पद रिक्त हैं। विगत माह कुछ अधिकारी कर्मचारियों का स्थानान्तरण भी हो गया है जिससे चिकित्सालय में स्टाफ की उपलब्धता न के बराबर है। स्टाफ के अभाव में चिकित्सालय की व्यवस्था दयनीय हो गई है जिससे मरीजों को स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पा रहा है। आभाव ग्रस्त ग्रामीण झोला छाप डाक्टर अथवा निजी चिकित्सालय में जाने को विवश हो रहे हैं। जिससे क्षेत्र के लोगो एवं जन प्रतिनिधियों में नाराजगी है। जिले के इस अस्पताल में लगभग 20 हजार सालाना मरीज़ों की ओपीडी है। यहां पदस्थ आयुष मेडिकल अधिकारी मिथलेश विश्वकर्मा एवं लैब टेक्नीशियन के स्थानान्तरण पश्चात आनन फानन में बिना रिलीवर के रिलीव कर दिया गया। जनपद सदस्य ने स्वास्थ्य व्यवस्था की बेहतरी हेतु अस्पताल में मेडिकल ऑफिसर, आयुष मेडिकल ऑफिसर, लैब टेक्नीशियन, ड्रेसर एवं सचिवालिक सहायक की नियुक्ति किये जाने की मांग की है। 10 दिवस के अन्दर नई नियुक्ति नहीं होने पर ग्रामीणों के साथ उग्र आन्दोलन की चेतावनी दी गई है।



# बड़सरा मा. वि. में पोषण माह एवं साक्षरता सप्ताह का हुआ आयोजन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह एवं साक्षरता सप्ताह का आयोजन कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन व जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल के मार्गदर्शन में शा.उ. मा. विद्यालय बड़सरा में किया गया। जहां पर जिला मिशन समन्वयक श्रीमती शारदा सिंह, जेंडर विशेषज्ञ सलोमी कुजूर एवं पूनम राजवाड़े द्वारा बेटी बचाओं अंतर्गत बालिका भ्रुण हत्या, बाल विवाह, घरेलु हिंसा, सखी वन स्टाप सेंटर, टोल फ्री नं. 181,1098, 112 एवं किशोरी बालिकाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान की। साथ ही पोषण माह अंतर्गत किशोर बालिकाओं का सभी प्रकार के पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थो की जानकारी दी गई एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए छात्राओं को पढाई में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

बढ़ते हुए साइबर क्राइम के बारे मे भी बालिकाओं को अवगत कराया गया एवं सतर्क रहने की समझाइस दी गई। साथ ही साक्षरता सप्ताह अंतर्गत बालिकाओं को अन्य सभी व्यक्तिगत समस्याओं से भी अवगत कराया गया एवं उनसे सुरक्षित रहने के उपाए बताए गए। कार्यक्रम में बालिकाओं एवं शिक्षकों का सहयोग प्राप्त हुआ।



# आज से स्वच्छता ही सेवा'' अभियान एवं स्वच्छोत्सव का होगा आयोजन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** जिले में आज 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा ''स्वच्छोत्सव'' थीम के तहत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसके संपादन हेतु समय सीमा की बैठक में कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, लोक कल्याण यांत्रिकी, खेल एवं युवा कल्याण, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, श्रम विभाग व अन्य संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत 17 सितंबर से अभियान का शुभारंभ किया जायेगा। इसके साथ ही 25 सितंबर को श्रम दान गतिविधि एवं 02 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस का आयोजन किया जायेगा। बैठक मे कलेक्टर ने जिला स्तर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रभावी कार्य योजना बनाने एवं जनपद व ग्राम पंचायत स्तर पर इसके क्रियान्वयन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश जनपद सीईओ व अन्य संबंधितों को दिये। इसके साथ ही उन्होंने अभियान में अधिक से अधिक लोगों द्वारा उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने व श्रमदान गतिविधियों में स्वेच्छा श्रमदान की अपील की। 'स्वच्छोत्सव'' के अंतर्गत 05 मुख्य घटकों पर गतिविधियां का आयोजन होगा। स्वच्छता लक्षित इकाइयों का रूपांतरण गांवों में गंदगी एवं कचरे के ढेर की पहचान कर आई.टी. पोर्टल पर मैपिंग तथा श्रमदान के माध्यम से उनका निराकरण करना है। स्वच्छ सार्वजनिक स्थल गांवों के सार्वजनिक स्थलों जैसे बस स्टैंड, हाट-बाजार, पर्यटन स्थल, व्यावसायिक परिसर, शासकीय संस्थान एवं पंचायत भवन की साफ-सफाई करना। सफाई मित्र सुरक्षा शिविर ''स्वच्छाग्रही, सफाई मित्रों'' के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही हाट-बाजार, मेला स्थल एवं पर्यटन स्थलों की सफाई करना है। स्वच्छ हरित उत्सव के अंतर्गत पर्यावरण अनुकूल एवं ''जीरो वेस्ट'' त्योहारों का आयोजन। स्वच्छता के लिए जन-जागरूकता 'सुजल स्वच्छ गांव'' अभियान, कचरे से कला'', ''स्वच्छ स्ट्रीट फूड, ''प्लास्टिक प्रदूषण निवारण'' तथा ''3 आर सिद्धांत' पर आधारित गतिविधियों का संचालन करना। इस अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित कर स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र पाटले, अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा, संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा, डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर, सर्व एसडीएम व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



# खदान के वे ब्रिज में डिवाइस के जरिए छेड़छाड़ मामले में लीपापोती का प्रयास

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** कबाड़ कारोबारी द्वारा खदान से निकले स्क्रैप के नीलामी के बाद उठाव के दौरान गड़बड़ी की नीयत से खदान के वे ब्रिज में डिवाइस लगा गड़बड़ी किए जाने के गंभीर मामले के खदान कर्मियों की सजगता से पकड़ में आने के बाद अब इस प्रकरण को दबाने का खेल शुरू हो गया है। इस मामले में प्रबंधन द्वारा दर्ज कराए गए एफआईआर में डिवाइस के जरिए वे ब्रिज में टेंपरिंग का उल्लेख नहीं किए जाने से मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध हो गया है। एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा सहक्षेत्र के प्रबंधक एचआर रेशमलाल द्वारा थाने में दर्ज कराए गए एफआईआर में बलरामपुर खदान के कांटा घर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की नीयत से घुसने की कोशिश की गई थी, जिससे कोई सामान चोरी नहीं हुआ है का रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। साथ ही घटना की सीसीटीवी फुटेज का उल्लेख किया गया है।एफआईआर में वे ब्रिज के नीचे डिवाइस लगाकर रिमोट के जरिए वजन में छेड़छाड़ का उल्लेख नहीं किया जाना पूरे मामले को संदिग्ध बना दिया है। हालांकि प्रबंधन का कहना है कि पुलिस ने उन्हें आश्वस्त किया है कि प्रकरण की जांच बयान के बाद उसमें इन बातों को जोड़ा जाएगा और इसमें धाराएं बढ़ाई जाएगी। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 329 (1) के तहत जुर्म दर्ज किया है। ज्ञात हो कि एसईसीएल बिश्रामपुर के बलरामपुर 10/12 नंबर खदान से कोयला उत्पादन में लगे मशीनी उपकरणों से निकले स्क्रैप की नीलामी पिछले दिनो कंपनी मुख्यालय द्वारा की गई थी। ऑन लाइन नीलामी में अंबिकापुर के मेसर्स रॉयल स्टील को स्क्रैप उठाने सेल्स आर्डर 24 जुलाई 25 सौंपा गया था। इसी आदेश के बाद शुक्रवार 12 सितंबर को संबंधित पार्टी मेसर्स रॉयल स्टील के मालिक और उसके कर्मचारी दो ट्रक सीजी 15 डीसी 2372 एवं सीजी 15 ईसी 9886 एवं एक क्रेन सीजी 15 ईए 4524 के साथ स्क्रैप उठाने के लिए बलरामपुर खदान पहुंचे थे। यहां तीनों वाहनों के कागजात की जांच के बाद गाड़ी को खदान की चाहर दिवारी में प्रवेश की अनुमति दी गई थी। बताया जा रहा है कि स्क्रैप लोड करने से पूर्व खाली गाड़ियों की तौल की जानी थी, इसी दौरान स्क्रैप उठाव करने पहुंचे कबाड़ कारोबारी के दो कर्मियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक चिप को वे ब्रिज में लगे लोड सेल में तार जोड़कर रिमोट से वे ब्रिज के संचालन का प्रयास किया जा रहा था।

इसी दौरान खदान के अधिकारी बाबू को वाहनों के तौल के दौरान शंका होने पर उन्होंने वे ब्रिज में लगे सीसी टीवी फुटेज को बारीकी से देखा तो पता चला कि दो युवक वे ब्रिज के नीचे घुसकर लोडसेल में चिप लगाकर वजन के साथ छेड़छाड़ का प्रयास कर रहे थे। जिसके बाद इस गड़बड़ी की सूचना खदान के बाबू और अधिकारी ने उच्च अधिकारियों को दी थी मामले के खुलासे के बाद खदान में हो हल्ला की स्थिति बन गई बाद में क्षेत्र के अधिकारी मौके पर पहुंच कबाड़ कारोबारी की कारस्तानी देखी। मामला उजागर होने के बाद बिश्रामपुर पुलिस को लिखित में शिकायत देकर पूरे मामले से अवगत कराया गया था, जिसके बाद पुलिस खदान पहुंच मौका जांच किया था और कबाड़ी के आदमियों द्वारा वेब्रिज के नीचे लगाए गए डिवाइस को जब्त कर खदान कर्मियों को बयान के लिए थाने तलब किया गया था।खबर है कि पुलिस कबाड़ कारोबारी अंबिकापुर निवासी बाबर इदरीसी को थाना तलब कर आवश्यक पूछताछ भी किया था लेकिन इस मामले की एफआईआर में घटना की वास्तविक बातों का उल्लेख न कर महज चोरी के प्रयास का उल्लेख किया जाना प्रकरण की लीपापोती के प्रयासों को बल देने जैसा प्रतीत हो रहा है।खदान के भीतर वे ब्रिज में छेड़छाड़ करना राष्ट्रीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने सरकार के साथ धोखाधड़ी करने जैसे गंभीर मामले में आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्यवाही न कर उन्हें छूट देना सीधे भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने जैसे आरोप प्रबंधन पर लग रहे हैं।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेल प्रतियोगिताओं से अग्रसेन जयंती में एकता का संदेश

## अग्रसेन जयंती उत्सव शुरू, अग्रोहा भवन में हो रहे विविध आयोजन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** अग्रसेन जयंती समारोह को लेकर अग्रवाल सभा के द्वारा विविध आयोजनों का शुभारंभ गत दिवस अग्रोहा भवन में भव्य समारोह के रूप में किया गया। अग्रवाल समाज के इस वार्षिक व प्रसिद्ध आयोजन में महाराजा अग्रसेन जी की जयंती एक पखवाड़े के रूप में अग्रवाल समाज के द्वारा मनाई जाती है। जिसमें विविध खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आहूत किए जाते हैं। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ भी 14 सितम्बर से प्रतिदिन कर दिया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं, युवा, युवती व बच्चे भाग ले रहे हैं। विविध आयोजनो की श्रृंखला में फैंसी ड्रेस, डांस, अग्रसेन जी की फोटो सजाओ, रंग भरो, सरपराइज गेम, भजन सुनाओ, स्वस्थ्य शिशु, बच्चों का एक्ट, रंगोली, कुर्सी दौड़, सिंगल विकेट, स्मार्ट कीट, पाइपोमेनिया, बहु भी कभी साथ थी, फनी गेम हाऊजी, एक से भले दो, एकल नृत्य सहित अनेक आयोजनों के माध्यम से महाराजा अग्रसेन जी के समाजवाद व एकता के संदेश के साथ जयंती समारोह को भव्य रूप से शुरू किया गया है। जिसमें अग्रवाल सभा के साथ अग्रवाल सेवा समिति, अग्रवाल नवयुवक समिति, अग्रवाल महिला मण्डल, अग्रवाल महिला सम्मेलन, अग्रवाल युवा सम्मेलन, मारवाड़ी युवा मंच सूरजपुर शाखा व संस्कृति शाखा आयोजन को लेकर दस दिवसीय उत्सव में जुटे हुए हैं। आयोजन को सफल बनाने में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अमृतलाल अग्रवाल, सचिव राजेश महलवाला, आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संजय केजरीवाल, नव युवक समिति के अध्यक्ष गौरीश जिंदल, महिला मण्डल की अध्यक्ष लता गोयल, सचिव सोनू अग्रवाल, संस्कृति शाखा की अध्यक्ष प्रज्ञा तायल, अग्रवाल महिला सम्मेलन की अध्यक्ष आशा अग्रवाल सहित आयोजन समिति की पूरी टीम मुस्तैदी से सक्रिय है।



### फैंसी ड्रेस में बच्चों ने बिखेरी अद्भुत छटा

बच्चों के लिए आयोजित हुई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में समाज के नौनिहालों ने अपनी प्रतिभा के साथ अद्भुत छटा प्रस्तुत कर आयोजन में खूब तालियां बटोरी, विभिन्न स्वरूपों में पहुंचे बच्चों ने फूलों की थीम पर अपनी प्रस्तुति दी। वहीं तारक मेहता का उल्टा शर्मा तथा कपिल शर्मा शो के किरदार की भी भूमिका में बच्चों की प्रस्तुति देखते ही बनी।


कार्यालय अधीक्षण अभियंता

लोक निर्माण विभाग ( भ/स ) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

निविदा आमंत्रण तिथि- 12.09.2025

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग-जशपुर संभाग
03. स.क्र. 01 'स' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि सं. क्र. 01 - 06.10.2025

| सरल क्र. | एन.आई.टी. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 183 | जिला जशपुर के हर्राडीपा धौरापाठ मार्ग लंबाई 1.20 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 133.03 |

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

जी-252603490/1


# अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के स्थापना दिवस पर हुई अधिवक्ता परिषद की बैठक, परिषद की महत्ता एवं चुनौतियों पर किये गए विचार व्यक्त

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** यहां की जिला अधिवक्ता परिषद इकाई द्वारा अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के स्थापना 7 सितम्बर दिवस के उपलक्ष्य में बैठक आहूत की गई थी। उक्त बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य अधिवक्ता परिषद इकाई के मंत्री संजय भारत, जिला अधिवक्ता परिषद सूरजपुर अध्यक्ष एम. तिवारी, सचिव उदय प्रताप सिंह, अधिवक्ता राजूदास, गोविंद सिंह सरूता, कृष्ण कुमार नाविक, हरिनारायण साहू, श्यामलाल प्रजापति, प्रणय सिन्हा, रितेश कुमार राजवाड़े उपस्थित हुए। कार्यक्रम में संजय भारत ने अपने उद्बोधन में अधिवक्ता परिषद की स्थापना एवं उसके कार्य के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी उपस्थित सदस्यों को दिया तथा भविष्य में इस प्रकार से सामाजिक कार्य कर पीड़ित व्यक्तियों को राहत दिलाई जा सकती है इसके सम्बन्ध में भी मार्गदर्शन किया। इसी कम में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अधिवक्ता परिषद की महत्ता एवं चुनौतियों के सन्दर्भ में राजू दास एवं कृष्ण कुमार नाविक ने अपने विचार व्यक्त किये। भविष्य में अन्य कार्यक्रम के आयोजन हेतु आर्थिक सहयोग करने के विषय में भी बैठक में चर्चा की गई जिस पर सभी उपस्थित सदस्यो नें सहमति व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव उदय प्रताप सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी सदस्यों की उपस्थिति पर अध्यक्ष एम0तिवारी द्वारा सबका आभार व्यक्त किया गया।



छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25

आर.ओ. नं.-45254/35

# मोदी की गारंटी से संवर रहा छत्तीसगढ़

**47,000 करोड़** की लागत से
**रेल परियोजनाओं का क्रियान्वयन**

**40,000 करोड़ से अधिक** की लागत से
**राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास**

**69 लाख से अधिक** महिलाओं के खातों में पहुंचे **₹12,376 करोड़**
**महतारी वंदन योजना**

**40 लाख से अधिक** परिवारों को स्वच्छ पेयजल
**जल जीवन मिशन**

**25.47 लाख** किसानों के खातों में पहुंचे **₹9,765 करोड़**
**पीएम किसान सम्मान निधि**

**26 लाख** परिवारों का पक्के घर का सपना साकार
**पीएम आवास योजना**

**59 हज़ार** परिवारों को मिल रहा लाभ
**पीएम जनमन योजना**

**6,691** ग्राम लाभान्वित
**धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान**





सेवा ही संकल्प,
राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा...

प्रदेशवासियों की ओर से
माननीय प्रधानमंत्री **श्री नरेन्द्र मोदी जी** का
**आभार एवं अभिनंदन..!**



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क | Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर